शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 48 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 14 मार्च 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी, 72 नाम

## गडकरी नागपुर, पीयूष गोयल मुंबई नॉर्थ से लड़ेंगे; हरियाणा के पूर्व सीएम करनाल से कैंडिडेट

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार की शाम भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी हुई। इसमें 72 नाम हैं। नागपुर से नितिन गडकरी, मुंबई नॉर्थ से पीयूष गोयल और हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है। एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने वाले मनोहर लाल खट्टर करनाल से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने 2 मार्च को जारी पहली लिस्ट में 16 राज्य और दो यूटी से 195 कैंडिडेट्स के नाम जारी किए थे। पहली और दूसरी लिस्ट को मिलाकर पार्टी ने अब तक कुल 267 कैंडिडेट्स के नाम जारी कर दिए हैं।

**मध्यप्रदेश: 5 सीटों पर भी ऐलान, छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू**

मध्यप्रदेश की बाकी बची 5 सीटों पर भी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया गया है। इंदौर से शंकर लालवानी और उज्जैन से अनिल फिरोजिया को टिकट दिया गया है। छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू, बालाघाट से भारती पारधी और धार से सावित्री ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है। 2 मार्च को आई पहली लिस्ट में 24 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था। इस तरह एमपी के सभी 29 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं।

**हरियाणा: पहली लिस्ट में 6 नाम, 4 पर घोषणा बाकी**

राज्य में लोकसभा की कुल 10 सीटें हैं। भाजपा ने पहली लिस्ट में 6 उम्मीदवारों का ऐलान किया। इनमें पिछले 2 दिन में हरियाणा के उट पद और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले मनोहर लाल खट्टर को करनाल से टिकट दिया गया है। भाजपा ने करनाल से मौजूदा सांसद संजय भाटिया का टिकट काट दिया है।

**हिमाचल: 2 नामों का ऐलान, 2 बाकी**

हिमाचल की 4 लोकसभा सीटों में से 2 सीटों पर पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। हमीरपुर लोकसभा सीट से अनुराग ठाकुर को कैंडिडेट बनाया है। वह इस सीट से लगातार पांचवीं बार चुनाव लड़ेंगे। शिमला से पार्टी ने अपने मौजूदा सांसद सुरेश कश्यप को ही दोबारा मैदान में उतारा है। मंडी और कांगड़ा सीट पर प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किए गए हैं।



## तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को भाजपा ने मैदान में उतारा

**लोकसभा** चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को 72 और उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और अनुराग सिंह ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है वहीं तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी मैदान में उतारा गया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी को उत्तराखंड के गढ़वाल से मैदान में उतारा गया है। दिल्ली में दो नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को भाजपा ने मैदान में उतारा है।



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को करनाल से तो उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार से और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को हावेरी संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाया है। मैसूर सीट पर प्रताप सिम्हा की जगह पूर्व मैसूर शाही घराना के यदुवीर कृष्णदत्त वाडियार को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी को उत्तराखंड के गढ़वाल से मैदान में उतारा गया है। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद सिंह रावत हरिद्वार संसदीय सीट पर उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की युवा शाखा के प्रमुख तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से फिर से चुनाव लड़ेंगे।

## उत्तराखंड से दो नए चेहरों को मौका



**उत्तराखंड की** सभी पांच सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान हो चुका है। पहली सूची में 3 नामों का ऐलान किया गया था। आज जारी दूसरी सूची में बाकी के 2 नामों का ऐलान हो चुका है। पहली सूची में तीनों नाम प्रत्याशी रिपीट किया गए थे, जबकि आज जारी दूसरी सूची में दोनों नए चेहरे गढ़वाल से अनिल बलूनी और हरिद्वार से त्रिवेंद्र सिंह रावत को मौका दिया गया है।

**कर्नाटक की हावेरी से पूर्व सीएम बोम्मई को टिकट मिला**

भाजपा ने दूसरी लिस्ट में कर्नाटक की 28 में से 20 सीटों में कैंडिडेट्स के नाम ऐलान कर दिया। हावेरी से पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई को टिकट दिया है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे को बेंगलुरु उत्तर और धारवाड़ से केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी को उतारा है। शिमोगा सीट से कर्नाटक भाजपा चीफ बीवाई राघवेंद्र फिर से चुनाव लड़ेंगे, यह सीट उन्होंने पहली बार 2018 में उपचुनाव में जीती थी। 2018 में उनके पिता बीएस येदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री बनने पर इस सीट को छोड़ दिया था। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कर्नाटक की 28 में से 25 सीटें जीती थी। भाजपा का वोट शेयर 51.3% तक बढ़ था, जो 2014 में 8% था।

**उद्धव गुट से उपचुनाव जीती कलाबेन भाजपा उम्मीदवार**

भाजपा ने दादर और नगर हवेली से कलाबेन डेलकर को टिकट दी है। वे पूर्व सांसद मोहन डेलकर की पत्नी हैं। पति के निधन से खाली हुई सीट पर उन्होंने शिवसेना उद्धव गुट की टिकट पर उपचुनाव जीता था। अब वे भाजपा की टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी।

## अपने अध्यक्ष के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन

**नई दिल्ली**

**इलेक्टोरल** बॉन्ड मामले को लेकर नया अपडेट सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल द्वारा लिखे गए पत्र से खुद को अलग कर दिया है। बता दें कि आदिश अग्रवाल ने 12 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रेजिडेंशियल रेफरेंस के तहत रोक लगाने की मांग की गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति ने खुद को इस पत्र से अलग कर दिया है। इसके साथ ही इस पत्र की निंदा भी की गई है। कहा गया है कि ये सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार को खत्म करने और कमजोर करने की कोशिश है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा था। इसमें संविधान के अनुच्छेद 143 का जिक्र किया गया था। पत्र में लिखा था कि सुप्रीम कोर्ट को खुद ही ऐसे फैसले नहीं लेने चाहिए जिनसे संवैधानिक गतिरोध पैदा हो और राजनीतिक दलों की अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली पर सवाल खड़ा हो। पत्र में आग्रह किया गया था कि राष्ट्रपति तब तक इसे प्रभावी ना करें जब तक कि शीर्ष अदालत इस मामले की दोबारा सुनवाई न कर ले। पत्र में यह भी लिखा गया था कि ह्यइससे अलग अलग पार्टियों को मदद करने वाले कॉरपोरेट्स के नामों का और उनके योगदान की मात्रा खुलासा होगा तो पार्टियों द्वारा उन्हें अलग थलग किया जा सकता है। उधर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव रोहित पांडे द्वारा एक हस्ताक्षरित प्रस्ताव पढ़ा गया। इसमें कहा गया है कि समिति के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपति को ऐसा कोई पत्र लिखने के लिए किसी को अधिकृत नहीं किया गया है।

## अब अहिल्या नगर के नाम से जाना जाएगा अहमदनगर

**मुंबई**

**महाराष्ट्र** सरकार ने बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले किए हैं। शिंदे कैबिनेट ने अहमदगनर जिले का नाम बदलकर अहिल्या नगर कर दिया है। इसके साथ ही महाराष्ट्र कैबिनेट ने आठ मुंबई रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का फैसला किया है। महाराष्ट्र कैबिनेट ने फैसला किया है कि ब्रिटिश काल के नाम वाले स्टेशनों के नाम बदल दिए जाएंगे। इसके साथ

## नायब सिंह सैनी सरकार ने सदन में हासिल किया बहुमत

**चंडीगढ़**

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने सदन में बहुमत हासिल कर लिया है। बुधवार को सदन में पेश प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया गया। सुबह ठीक 11 बजे सीएम नायब सिंह सैनी सदन में पहुंचे और शोक प्रस्ताव पढ़ने के बाद विश्वास प्रस्ताव पेश किया।

इसके बाद विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। स्पीकर ने सदन में एक घंटा विपक्ष और एक घंटा सत्तापक्ष को विश्वास मत पर बोलने का समय तय किया था। चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक रघुबीर कादियान ने कहा कि 11 मार्च को पीएम हरियाणा आते हैं तो वहां पर पूर्व सीएम मनोहर



लाल की तारीफों के पुल बांधे जाते हैं। अगले दिन यह घटना घटती है, इसका असर जनता पर भी पड़ता है। जो वोट बैंक किसी राजनीतिक पार्टी का था उसमें एंटी इंकम्बेंसी आ जाती है। मनोहर लाल के साथ हमारी संवेदना है, उन्हें बड़े बेआबरू होकर बाहर निकाला गया। इतना बड़ा चीरहरण तो द्रौपदी का भी नहीं हुआ था। वहीं विधायक राव दान सिंह ने कहा कि क्या इमरजेंसी थी कि अचानक विश्वास मत हासिल करने की जरूरत पड़ी। 11 मार्च को पीएम पूर्व मुख्यमंत्री की तारीफों के पुल बांधते हैं और रातोंरात पूरा सीन बदल जाता है।

## उत्तराखंड: यूसीसी को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली**

उत्तराखंड के समान नागरिक संहिता बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब समान नागरिक संहिता पर कानून बन गया है। उत्तराखंड सरकार ने सामान नागरिक संहिता लागू करने के लिए नियमों/उपनियमों को बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। नियमावली बनने के बाद उत्तराखंड सरकार द्वारा इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया जायेगा। राम मंदिर निर्माण और सीएए कानून लागू होने के बाद समान नागरिक संहिता को



लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा का बड़ा दांव माना जा रहा है। पार्टी को इसका लाभ मिल सकता है। समान नागरिक संहिता का कानून लागू करने के लिए नियम बनाने वाली पांच सदस्यों वाली कमेटी में पूर्व आईएएस शत्रुघ्न सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौर, दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा और उत्तराखंड के स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा शामिल हैं। यह कमेटी जल्द ही एक मीटिंग कर यूसीसी कानून लागू करने के लिए आवश्यक नियम उप नियम बनाने का काम शुरू करेगी। चूंकि, समान नागरिक संहिता समवर्ती सूची का विषय है,

इस विषय पर राज्य और केंद्र दोनों ही कानून बना सकते हैं। लेकिन समान मुद्दे पर कानून होने पर केंद्र का कानून प्रभावी माना जाता है।

## एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'अग्रे' और 'अक्षय' कोलकाता में लॉन्च




**नई दिल्ली**

**भारतीय नौसेना** के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स और इंजीनियर्स (जीआरएसई) में बनाई गई दो शैलो वॉटर क्राफ्ट बुधवार को कोलकाता में लॉन्च कर दी गईं। एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एसडब्ल्यूसी) प्रोजेक्ट के तहत निर्मित ह्यअग्रेह्ल और अक्षय के लांचिंग समारोह की अध्यक्षता वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने की। समुद्री परंपरा को ध्यान में रखते हुए वायु सेना प्रमुख की पत्नी और वायु सेना परिवार कल्याण संघ की अध्यक्ष नीता चौधरी ने अथर्ववेद के मंगलाचरण के साथ जहाजों का शुभारंभ किया। भारतीय नौसेना के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स और इंजीनियर्स एएसडब्ल्यू शैलो वॉटर क्राफ्ट (एसडब्ल्यूसी) प्रोजेक्ट के तहत आठ जहाजों का निर्माण कर रहा है। आज लॉन्च किये गए जहाज 5वें और छठे हैं, जिनका नामकरण भारतीय नौसेना के पूर्ववर्ती अभय क्लास कार्वेट एग्रे और अक्षय के नाम पर किया गया है। रक्षा मंत्रालय और जीआरएसई के बीच आठ एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी जहाजों के निर्माण के लिए 29 अप्रैल, 2019 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। पिछले एक वर्ष में भारतीय नौसेना के लिए 03 स्वदेश निर्मित युद्धपोतों, पनडुब्बियों की आपूर्ति की गई है और कुल 09 युद्धपोतों का प्रक्षेपण किया गया है। परियोजना के दो और जहाजों का शुभारंभ जहाज निर्माण में 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति देश के संकल्प को उजागर करता है। परियोजना का पहला जहाज 2024 की पहली छमाही के दौरान वितरित करने की योजना है।

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस केस में मुख्तार को उम्रकैद की सजा

**वाराणसी**

माफिया मुख्तार अंसारी को 33 वर्ष 3 महीने 9 दिन पुराने गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मामले में उस पर दो लाख दो हजार का जुर्माना। लगा है। माफिया मुख्तार की सजा को लेकर 54 पेज का फैसला आया है। फैसले के दौरान सफेद टोपी और सदरी पहने मुख्तार मुंह लटकाए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बांदा जेल से पेश हुआ। बांदा जेल में उम्रकैद की



सजा काट रहा अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) का सरगना और माफिया मुख्तार को आठवीं बार सजा हुई है। आईपीसी 467/120 बी में उम्रकैद व एक लाख जुर्माना।

420/120 बी में 7 वर्ष सजा व 50 हजार जुर्माना।

468/120 बी में 7 वर्ष की सजा व 50 हजार जुर्माना।

आर्म्स एक्ट में 6 माह सजा व दो हजार जुर्माना।

विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने बुधवार को मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई। इस दौरान मुख्तार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया।

## जनवरी महीने में औद्योगिक उत्पादन की दर 3.8 फीसदी पर

**नई दिल्ली**

देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है। जनवरी महीने में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि धीमी होकर 3.8 फीसदी रह गई है। इससे पिछले साल की समान अवधि में यह वृद्धि दर 5.8 फीसदी थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जनवरी महीने में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.8 फीसदी रही है। इससे पिछले साल जनवरी, 2023 में औद्योगिक उत्पादन दर 5.8 फीसदी रही थी। जनवरी में आईआईपी में यह गिरावट विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों में खराब प्रदर्शन की वजह से आई है। एनएसओ के मुताबिक जनवरी में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.2 फीसदी बढ़ा है जबकि एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 4.5 फीसदी रहा था।

## 'समय पर चुनावी बॉन्ड के विवरणों का होगा खुलासा'

**जम्मू**

राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग चुनावी बॉन्ड पर सभी विवरणों का समय पर खुलासा करेगा। आयोग को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से चुनावी बॉन्ड से संबंधित विवरण प्राप्त हो गया है और वह समय पर सभी प्रासंगिक जानकारी साझा करेगा। सीईसी ने कहा कि आयोग 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। बुधवार को जम्मू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह बातें कहीं। चुनाव बॉन्ड पर उनका यह बयान सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश देने के मद्देनजर आया है। एसबीआई चुनावी बॉन्ड जारी करने के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान है। राजीव कुमार ने यहां




संवाददाताओं से कहा, 'एसबीआई को 12 मार्च तक डेटा जमा करना था। उन्होंने हमें समय पर विवरण दे दिया है। मैं वापस जाऊंगा और डेटा को देखूंगा (और) निश्चित रूप से समय पर इसका खुलासा करूंगा।'

**85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को घर पर ही मतदान की सुविधा**

सीईसी ने देश भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर सहित देश भर के मतदाताओं से उन्होंने लोकतंत्र के पर्व में उत्साहपूर्वक भाग लेने का अनुरोध किया। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू कश्मीर में वॉलेट से ऑनलाइन पैसों के लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और विकलांग लोगों को घर पर ही मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**फर्जी खबरों की रोकथाम के लिए बनेंगे सोशल मीडिया सेल**

सीईसी ने कहा कि सभी उम्मीदवारों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी और केंद्रीय बल तैनात किए जाएंगे। फर्जी खबरों पर वास्तविक समय में प्रतिक्रिया देने के लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया सेल स्थापित किए जाएंगे। चुनाव आयुक्त ने यह भी बताया कि उन्होंने भाजपा, कांग्रेस, सीपीआईएम सहित राष्ट्रीय पार्टियों और एनसी और पीडीपी जैसी राज्य मान्यता प्राप्त पार्टियों से मुलाकात की।

पार्टियों ने उनसे कहा है कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी होने चाहिए। कुछ दलों की राय थी कि प्रशासन एकतरफा कार्रवाई कर सकता है, इसलिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाने चाहिए। वे यह भी चाहते थे कि चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएं। पार्टियों ने यह भी कहा कि उम्मीदवारों या सभी राजनीतिक दलों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एक समान होनी चाहिए। कुछ राजनीतिक दलों की मांग थी कि प्रवासी जहां भी हों उनके लिए ऐसी व्यवस्था की जाए कि वे ठीक से मतदान कर सकें, उनका मतदान प्रतिशत कम न हो।..."

### खबर संक्षेप

## रेलवे ट्रैक पर मृत पाए गए छात्र के मामले में साल भर बाद मुकदमा दर्ज

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अतरसुइया के रहने वाले प्रदीप मिश्रा के छोटे पुत्र नमन मिश्रा उम्र( 15)की बॉडी वर्ष 2023 मई में घर से निकलने के लगभग 9 घंटे बाद बारा थाना अंतर्गत मदरहा रेलवे ट्रैक पर पाई गई जिसे उस समय पुलिस ने आत्महत्या बता बॉडी को पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया परिजन लगातार हत्या की आशंका जताते रहे, पर उनकी न सुनी गई। अंत मे परिजनों ने बेटे को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय की शरण ली अधिवक्ता नीलेश शुक्ला की तल्ख और तार्किक दलीलों ने न्यायालय को इस केस को हत्या मानना पड़ा और उन्होंने बारा थाने को अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकद्दमा कायम करने को आदेशित किया इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि 302, 364, और 201 आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। इस मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी और किसी भी कीमत पर दोषियों को बख्शा नही जाएगा।

# परिषदीय शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने में मोदी और योगी सरकार की भूमिका अहम : पप्पू गौतम

अखंड भारत संदेश

### नई शिक्षा नीति के मद्देनजर उरुवा ब्लाक में प्रधानों प्राधिकरण विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षों अध्यक्षों एवं प्रधानाध्यापकों की आयोजित हुई संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला




**मेजा।** प्रदेश की योगी सरकार ने परिषदीय शिक्षा व्यवस्था में और सुधार के लिए नए सिरे से पहल की शुरूआत किया है। इसी के तहत विकास खण्ड उरुवा के ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकरण विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापकों की संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को बृंदावन गेस्ट हाउस मेजारोड में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उरुवा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गौतम तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत सिरसा चेयरमैन विपिन कुमार उर्फ लखन केशरी रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना व उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय चौकी के बच्चों द्वारा मंचा सीन अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा कैलाश सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नवागंतुक बीडीओ उरुवा को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यशाला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पप्पू गौतम ने उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा संचालित हो रही विभिन्न शैक्षणिक योजनाएं डीबीटी के माध्यम से आवंटित धनराशि के सत प्रतिशत प्रेषण व उसके समग्र उपयोग नई शिक्षा नीति तथा निपुण भारत मिशन तथा ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों को शैक्षिक अधिगम का उत्कृष्ट संस्थान बनाए जाने के प्रति सभी के सक्रिय प्रयासों की सराहना किया तथा शिक्षा और विकास पर केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार की जमकर तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि आज ऐसा कोई क्षेत्र ऐसा नही जहां सरकार ने विकास नही किया है और पंचायत विभाग लगातार स्कूलों का विकास कर रही है। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा कैलाश सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य,आवश्यकता तथा डीबीटी के माध्यम से सीधे सुविधा हस्तांतरण, निपुण भारत, मिशन 19 पैरामीटर की जानकारी ऑपरेशन कायाकल्प की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एसएमसी अध्यक्षों व जन समुदाय के व्यापक सहयोग की आवश्यकता व महत्व के बारे में सभी को बताया। महानिदेशक स्कूली शिक्षा एवं परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा के निर्देश पर विद्यालय स्तर पर संचालित गतिविधियों पर चर्चा हेतु शिक्षा और पंचायत विभाग के संयोजन पर बल दिया गया है। कार्यशाला की अध्यक्षता बीडीओ उरुवा धीरेश कुमार गुप्ता तथा संचालन एआरपी उरुवा सुनील शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राथमिक शिक्षक संघ मेजा के अध्यक्ष व जिला कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने मुख्य अतिथि प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख उरुवा पप्पू गौतम को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। बीआरसी उरुवा के कार्यालय प्रभारी रोहित त्रिपाठी कार्यशाला में पधारें ब्लॉक के सभी सम्मानित ग्राम प्रधान का माल्यार्पण व अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान संघ उरुवा के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, प्राथमिक शिक्षक संघ उरुवा के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, मंत्री संदीप पांडेय, जूनियर शिक्षक संघ उरुवा के अध्यक्ष विनोद मिश्रा, मुकेश शुक्ला, प्रधान कोटहा ज्ञान चंद मिश्रा, प्रधान औता आरती देवी, प्रधान विगहना विनोद मिश्रा, प्रधान टुदिहार रमाकांत, प्रधान खानपुर गोरेलाल, प्रधान रामनगर प्रतिनिधि नीरज यादव, प्रधान बिजौरा दशरथ लाल, प्रधान चौकी फतेह बहादुर निषाद, प्रधान समहन संतोष पटेल व प्रधान चोरबना मानिक चंद्र मिश्रा तथा प्रधानाध्यापक दिवाकर दत्त मिश्रा, रीता मिश्रा, चित्रा शुक्ला, गीता यादव, मंजू खरे, माधुरी, स्तुति श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिंह, शोभनाथ पांडेय, प्रतिभा अवस्थी, माया तिवारी, पुष्कर द्विवेदी, रामसेवक, अनुज श्रीवास्तव, चित्रपाल सिंह, शिप्रा, इकबाल अहमद, स्वाति तिवारी व शशिकांत सैनी और एसएमसी अध्यक्ष मनीष कुमार, देवराज, रंजना देवी, ममता, सोनिका पटेल, किरन, रामरतन, संतलाल, संतोष जैसल, मंजुला पांडेय, राधेश्याम तिवारी व विजय कुमार आदि ब्लॉक के कई ग्राम प्रधान तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का कमरे में फांसी पर लटकता मिला शव

अखंड भारत संदेश

**घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों में हड़कंप सूचना मिलते ही पत्नी भी मायके से भागकर ससुराल पहुंची**

**सहसों।** ससुराल से लौटने के बाद वजह चाहे जो भी रहा हो परंतु संदिग्ध परिस्थिति में युवक घर के अंदर फांसी पर लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पत्नी मायके से भाग कर अपनी ससुराल पहुंच गई। मृतक के भाई दिलीप मौर्य ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दिया है। थरवई थाना क्षेत्र के गारापुर में अशोक कुमार मौर्य (35) पुत्र संगम लाल करीब तीन वर्ष पहले मकान बनवाकर अपनी पत्नी राधिका व एक बेटा और एक बेटी के साथ रहकर मजदूरी का काम कर परिवार भरण पोषण करता था। मंगलवार को सरायममरेज थाना क्षेत्र के दुभरा गांव में ससुराल से आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। वहां से रात 11 बजे वह अकेले लौटकर अपने घर गारापुर चला आया। सुबह पत्नी राधिका ने मायके से कई बार फोन लगाया। परंतु फोन नहीं उठने पर एक रिश्तेदार को जानकारी दिया। उक्त रिश्तेदार दोपहर में घर पहुंच गया। खिड़की से देखने पर कमरे के अंदर युवक का रस्सी के फंदे के सहारे लटकता दिखाई पड़ा। घटना की जानकारी मिलने पर थरवई पुलिस मौके पर पहुंच लिखा पढ़ी एवं उचित कार्यवाही करते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया है।

## परिषदीय विद्यालयों के शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाने पर मंथन






अखंड भारत संदेश

### बीईओ संग शिक्षकों ने रखे अनमोल विचार

**बारा/शंकरगढ़।** विद्यालय प्रबंध समिति के उन्मुखीकरण की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को बीआरसी शंकरगढ़ में किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख निर्मला देवी और विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ रामविलास राय मौजूद रहे।

मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संतोष सिंह व उनकी टीम ने गीत प्रस्तुत किया। एआरपी मनोज केसरवानी ने निपुण भारत के संबंध में, केके सिंह ने रीड एलांग, निपुण लक्ष्य एप, स्मार्ट क्लास, डिजिटाइजेशन के संबंध में प्रकाश डाला। एआरपी मंगला प्रसाद सिंह ने गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में शिक्षामित्र ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने अपने विचार के साथ गीत भी प्रस्तुत किया। जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पटेल ने शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की और कायाकल्प के कार्य को स्कूल में कराने पर विचार प्रस्तुत किया। प्राथमिक शिक्षक संघ शंकरगढ़ के अध्यक्ष बृजेश सिंह ने विद्यालय को भौतिक रूप से अच्छा बनाने के लिए शिक्षकों व ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।अध्यक्षता कर रहे बीईओ शिव औतार ने कायाकल्प और डीबीटी पर विस्तार से प्रकाश डाला और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षक धर्मेंद्र पांडेय ने जनसमुदाय की सहभागिता से विद्यालय का कायाकल्प करने पर जोर दिया। संचालन नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम में पूर्व समन्वयक राम सिंह,विजय सिंह, नृपेंद्र सिंह, विवेकानंद, कल्याणचंद्र द्विवेदी, देवेंद्र सिंह, अशोक कुमार, वीरेंद्र सिंह, सुधा सिंह,जेबा तबस्सुम, संजय सिंह, सौरभ सिंह, सोम कुमार, सचिन कुमार, सत्येंद्र सिंह, मनमोहन, नीरज कुमार, सुनील द्विवेदी, अजय सिंह, हेमलता, पुष्पलता, साधना आदि मौजूद रही।

### न्यूज झरोखा

## हाईवे फोरलेन के बीचों बीच मवेशियों के बैठ जाने पर आवागमन बाधित हो रहा है



**मऊआइमा।** प्रयागराज से प्रतापगढ़ मध्य मऊआइमा के हाईवे के बीचों बीच आवारा पशुओं के बैठ जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। बताया गया है कि सड़कों के किनारे लगने वाली सब्जी मंडी में मवेशी अपना भूख मिटाने के बाद नेशनल हाईवे के बीचों बीच बैठ जाते हैं जिससे आवागमन प्रभावित होता है। बताया गया है कि छह माह पूर्व सुल्तानपुर खास नेशनल हाईवे पर चार मवेशियों को अज्ञात वाहन ने रात में कुचल कर फरार हो गया था। जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जमीन में गडवा दिया था। शासन के तमाम आदेशों के बावजूद छुटटा मवेशियों को कोई पूछने वाला नहीं है।

## श्रीमद्भागवत कथा में शौनक सूत संवाद की कथा सुनाई



**करछना** के महोरी गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास भागवत भूषण पं माधवपति त्रिपाठी की ओर से बुधवार को शौनक सूत संवाद, नारदरचरित्र ,राजा परीक्षित श्राप एवं शुकागमन की कथा सुनायी गई । कथा के पूर्व गाजे-, बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। जिसमें भक्त श्रद्धालु लोगों सहित महिलाएं लोग शामिल रही । यात्रा में लोग सिर पर कलश रखे गांव की परिक्रमा की। और महिलाओं की ओर से मांगलिक गीतों के गायन भी हुए । और यात्रा वेदी मंडप में पहुंची । कथा व्यास पं माधवपति त्रिपाठी ने बताया की यात्रा में शामिल होने से लोगों को पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कथा के मुख्य श्रोता यजमान हौसला प्रसाद तिवारी व पदमा देवी की ओर से कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक विमलेश कुमार तिवारी व संयोजक एडवोकेट राकेश कुमार तिवारी की ओर से सभी लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश पांडेय पिंटू,आशु पांडेय ,आशीष विश्वकर्मा ,बड़े लाल तिवारी ,एडवोकेट बृजेश तिवारी, संतोष तिवारी, रुचि तिवारी, प्रकाश ,भोला, आशुतोष, गगन ,शिवांश ,पलक आदि भक्त लोग मौजूद रहे ।

## मोक्षदायिनी है भगवत कथा का श्रवण : डॉ. रामानन्द जी



**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पूर्व कथा व्यास आचार्य डॉ. रामानन्द जी के अगुवाई में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को मुख्य यजमान सभाजीत तिवारी एवं श्रीमती सावित्री तिवारी के संयोजन में आचार्य विद्वान द्वारा विधि विधान से यज्ञ मंडप एवं आवाहित देवी देवताओं की पूजा अर्चना आदि करते हुए गांव की विभिन्न गलियों, मंदिरों में दर्शन पूजन के उपरांत कलश यात्रा वापस कथा स्थल पर पहुंच कर विश्राम लिया। इस दौरान आधुनिक वाद्य यंत्र से भक्ति गीत के साथ पूरा माहौल भक्तिमय रहा। कलश यात्रा के साथ में चल रही भक्त महिलाएं मंगल गीत गाते हुए प्रभु का जयकारा लगाते शामिल रहीं। तत्पश्चात सायंकाल व्यासपीठ से कथा व्यास ने भक्त श्रोताओं को कथा महात्म्य श्रवण कराते हुए बताया कि मनुष्य के दैहिक और भौतिक तापों को नष्ट कर जीवन में ज्ञान मंगल का सुख प्रदान करने वाली श्रीमद् भागवत महापुराण कथा हम सभी के लिए मोक्षदायिनी है। भगवत कथा दैविक पुण्य लाभ प्रदान करने के साथ-साथ मनुष्य को निष्काम भक्ति के भाव से जोड़ती है जिसके चलते मानवता का प्रतिपादन करते हुए मानव जीवन धन्य हो जाता है। जिससे मनुष्य को भक्ति के साथ मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान सहित आदि श्रोताओं ने व्यास पीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात श्रोता भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर श्रीकांत तिवारी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, शिवकांत तिवारी, दयाशंकर त्रिपाठी, लक्ष्मी कांत मिश्र, नागेंद्र प्रसाद उपाध्याय, अरुण तिवारी, विवेक तिवारी, अंजनी तिवारी, परीक्षित, इंजीनियर अमित सहित भारी संख्या में भक्त नर नारी मौजूद रहे।

## कौशल विकास विभाग एवं जिला औद्योगिक केन्द्र के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न



अखंड भारत संदेश

**कोसड़ा कला स्थित महावीर कैलाश महाविद्यालय के 62 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया**

**मांडा।** लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक कॉलेज मांडा के प्रांगण में कौशल विकास विभाग एवं जिला औद्योगिक केंद्र के तत्वाधान में दो दिवसीय सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्धघाटन पूर्व डिप्टी डायरेक्टर आईईआरटी एवं तकनीकी सलाहकार आर०के० लाल ने किया। वहीं कोसड़ा कला स्थित महावीर कैलाश महाविद्यालय के 62 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष बीटीसी रंचित द्विवेदी, लाइब्रेरियन अरविंद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रजनीश उपाध्याय ने किया साथ मे भार्गव प्रकाश मौर्य, पवन केशरी, सुनील पांडे, दिनेश कुमार आदि पॉलीटेक्निक स्टाफ उपस्थित रहे।

## विद्यालय के शैक्षिक एवं भौतिक आवरण कायाकल्प बनाने पर सम्मानित हुई शिक्षिकाएं व प्रधान

अखंड भारत संदेश





**करछना।** प्रयागराज विकास खंड के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला के दौरान निपुण लक्ष्य प्राप्त कर चुके 10 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं कायाकल्प के 11 पैरामीटर में अधिकतम कार्य पूर्ण कर चुके 10 ग्राम प्रधानों को प्रतिशत एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया बुधवार को एस एल गार्डन बेला चौराहा करछना पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी के अंतर्गत विद्यालय के शैक्षिक एवं भौतिक आवरण को सुंदर एवं उत्कृष्ट बनाने हेतु संगोष्ठी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रधान अध्यापिकाएं एवं प्रधानों को सम्मानित किया गया इस बीच विभिन्न स्कूलों से आए नौनिहाल प्रतिभागी बच्चों ने कला, आर्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया कार्यक्रम का आयोजन कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिव बहादुर सिंह बृजेश कुमार सिंह रणधीर शर्मा अवतार किशन सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष, धीतेश तिवारी महामंत्री, रविंद्र नाथ मिश्र, त्रिवेणी शंकर, मनोज मिश्रा, सुनील तिवारी ,अभिषेक तिवारी स्वामीनाथ द्विवेदी, सिद्धराज सिंह, शरद शुक्ला, एवं अनुराग कटिहार मुख्य रूप से उपस्थित रहे ग्राम प्रधानों एवं शिक्षकों शिक्षिकाओं की इस सामूहिक गोष्ठी में विद्यालय में कायाकल्प सुंदरीकरण को लेकर यह गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें गांव में प्रधानों द्वारा विद्यालयों में कायाकल्प सत प्रतिशत कार्य किए जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया तथा शिक्षा से संबंधित अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक बताया गया गोष्ठी में विकास खंड करछना प्रमुख लोगों में चंद्र प्रकाश तिवारी, दिनेश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, माधवेन्द्र नारायण मिश्र, धर्मराज सिंह पटेल,शिवराम परमानंद मौर्य, अशोक कुमार, पिंटू सिंह, अभिषेक सिंह, दूधनाथ यादव, राजकुमार पटेल, नागेंद्र पांडे, सहित सभी प्रधान एवं ब्लाक क्षेत्र से विद्यालयों से बडी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## फागुनी गीतों का लोकरंग सहेजना जरूरी: बेशरम

अखंड भारत संदेश

**गांव -चौपाल से सिमट रही, फगुआ चौताल की गूंज**



**करछना।** वसंत के आगमन के बाद प्रकृति का उल्लास महापर्व और प्रेम सौहार्द की प्रतीक होली का त्योहार धीरे-धीरे निकट आ रहा है। ऐसे में कभी पखवाड़े भर पहले से अपने गांवों की चौपालों में ढोलक,मजीरे की साथ फागुनी गीतों की गूंज अब,तब जैसी नहीं सुनाई दे रही ।गांव-गांव में बच्चों के द्वारा लगाई जाने वाली होलिका का लोकरंग भी धीरे-धीरे सिमट रहा है। हालांकि अभी भी कुछ लोक कलाकारों ने अपनी इस थाती को सहेज कर ऐसे गीतों को जीवन्त बनाए रखा है किंतु आधुनिकता के रंग और बदलते परिवेश में नई पीढ़ी अपने पुरखों की इस विरासत, रंगपर्व की जीवन्तता और पारंपरिक फगुआ गीतों को सहेजने में बेपरवाह दिख रही है। आकाशवाणी और दूरदर्शन कार्यक्रमों से जुड़े अपने पारम्परिक गीतों पर शोध कर रहे चर्चित हास्य कवि,मंच संचालक और लोक कलाकार अशोक 'बेशरम' ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि पहले लोग वसन्त पंचमी के बाद से ही होलिका लगाने में जुट जाते। दिन भर कामकाज के बाद शाम को फगुहारों की टोलियां चौपालों में जम जाती और फिर फागुन के गीतों से खेत,सिवान,घर,आंगन गूंज उठते। होली नजदीक आते ही यह रंग और गहबर हो उठता।होलिकादहन के समय होली में घमोय नामक कंटीले पौधे का आंजंन डाला जाता। खेतों के नये अनाज जौ और अलसी के पौधों का अग्रभाग होलिका में झौंस कर लोग अपने घरों में लाते। जो घर में वर्ष भर धन-धान्य की सम्बृद्धि का प्रतीक माना जाता।बहने भाइयों को उबटन लगाकर उसका अवशेष होलिका में जलाने को भेजतीं। होलिका दहन के उपरांत-चित्रकूट के घाटपर भै संतन कै भीर। तुलसी दास चंदन घिसैं,तिलक देत रघुबीर, जैसे कबीरा बोलने की परम्परा रही।देर रात से सुबह होने तक फगुआ की बयार में पूरा गांव झूम उठता। दूसरे दिन जगह-जगह बैठकी में रंग, अबीर, गुलाल और इत्र के फुहारों के बीच दिन भर गोझिया, पापड़, पकवान, भंग, ठंडई भेंट, अंकवार का दौर हमारे समाज में आपसी सद्भाव -प्रेम को प्रगाढ़ कर उल्लास के रंग में सराबोर कर देता। अनवरत होली के कई दिनों बाद तक यह सिलसिला चलता रहता। इस मौसम में गाये जाने वाले बसन्ती, उलार, धमार, बारहमासा, नारदी, झूमर, फाग, बैसवारा, दुगुन, बेलवार, बेलवरिया, चहका, डेढ़ताल, ढाई ताल, चौपाल, लहरा, चैता, चैती जैसे विविध प्रकार के गीत हमारी पारम्परिक, सामाजिक और सांस्कृतिक थाती रहे। हालांकि आज अपनी इस परम्परा को लेकर आकाश वाणी, दूरदर्शन, संस्कृति विभाग और कई लोकमंच तमाम आयोजनों के माध्यम से इस विरासत को सहेजने की दिशा में नये सिरे से पहल भी कर रहे हैं और यदा कदा लोक कलाकार भी इन गीतों की रंगोरवानी सहेजने में लगे हैं।फिर भी तीन दशक पहले गांव गांव में रचा बसा फगुआ गीतों और होली के परम्परागत उल्लास का वह लोक रंग धीरे-धीरे अब सिमट रहा है। हो न हो,आज फिर से बुजुर्गों की उस परिपाटी,माटी की महक,और रंगपर्व की परम्परा को सहेजने के लिए अपनी नई पीढ़ी को ऐसे गीतों को सुनने, सहेजने सीखने, समझने, गाने, बजाने के लिए आगे आने की जरूरत है।

## त्योहारों पर शांति भंग करने वालों की खैर नहीं : सतीश कुमार



**सोरांव।** चौकी बड़गांव परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सोरांव ने किया। बैठक में वर्तमान प्रधान,पूर्व प्रधान,राजनैतिक नेता संग संभ्रांत लोग मौजूद रहे। बैठक में होने वाले होली,रमजान, ईद सहित आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था,भाई चारा बनाने के विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। इतना ही नहीं अध्यक्षता कर रहे थाना अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि शांति भंग करने वाले चाहे जितने भी प्रभाव शाली होंगे उनकी जगह सिर्फ हवालात ही रहेंगे। पुलिस विभाग में कमिश्नरेट प्रणाली लागू हो गई है। सभी सम्मानित और संभ्रांत व्यक्ति जिसके गांव में त्योहारों या फिर किसी भी पर्व पर शांति भंग करने वालों की शंका ही ऐसे लोगों की एक सूची तैयार कर लें तथा हल्का पुलिस को अवगत करा दें। जिससे फोर्स उन पर निगरानी रख सके। बैठक में चौकी प्रभारी अविनास राय,उप निरीक्षक कुंवर भान सिंह, दरोगा राम सूरत, कांस्टेबल शिव वचन, सुरेंद्र संग संभ्रांत लोग रहे।

# शास्त्री पुल के जोड़ों में दरार आने से उत्तरी लेन पर आवागमन रोका, लगा जाम

**जाम में ऑफिस जाने वालो के साथ अधिवक्ता व स्कूल जाने वाले बच्चे फंसे रहे, पैदल भी निकलना दुश्वार**

**अखंड भारत संदेश**





**झूंसी।** गंगा नदी पर बने शास्त्री पुल के जोड़ों में दरार आने से वाराणसी की ओर जाने वाली लेन पर आवागमन रोक दिया गया। जिसकी वजह से झूंसी से दारागंज तक जाम लग गया। जाम में ऑफिस जाने वालो के साथ अधिवक्ता व स्कूल जाने वाले बच्चे फंसे रहे। स्थिति यह हो गई कि बाइक तो छोड़िए पैदल निकलना मुश्किल हो गया। प्रयागराज से वाराणसी को जोड़ने वाले शास्त्री पुल के जोड़ो में मंगलवार दोपहर बाद दरार आ गई। सूचना पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इंजीनियरों के साथ मौके पर पहुचे। जांच कर यातायात बंद करने की बात कही पर यातायात बंद नही हो सका रात भर भारी वाहनों के आवागमन से बुधवार सुबह दो इंच से बढ़ कर जोड़ 5 इंच तक ऊपर नीचे हो गया। जिसके बाद खलबली मच गई आननफानन में एक लेन पर चारपहिया गाड़िया का आवागमन रोक दिया गया। जिसकी वजह से जाम लगने लगा सुबह ऑफिस का समय होने की वजह से कुछ ही देर में झूंसी पंत संस्थान से दारागंज तक जाम लग गया। बस, ऑटो में सवार लोग घंटो इंतजार के बाद पैदल ही अपने अपने काम पर निकल पड़े।

# नगर निगम की 1398.97 लाख की लागत से 66 कार्यों का महापौर ने किया शिलान्यास/लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा जनमानस की सुविधाओं के दृष्टिगत नगर निगम प्रयागराज में समस्त 100 वार्डों में इतिहासिक रूप से एक साथ नाली-गली एवं सड़क मरम्मत हेतु रू0-1398.97 लाख की लागत से कुल 66 कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास के नव्य-भव्य निर्माण कार्यों के कार्यक्रम में नगर निगम प्रयागराज के तुलसी उद्यान में किया गया। मंचासीन पार्षदगणों द्वारा जनकल्याणकारी कार्यों पर अपने अनुभव को साझा करते हुए अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया गया। उसके उपरान्त तुलसी उद्यान में फूलों की प्रदर्शनी का उद्घाटन कर फ्लावर शो के आयोजन का शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी में फूलों की विभिन्न किस्में जैसे- अरेलिया, मेडनहेयर, डायन्थस, स्वीट एलाइसम, पैंजी, विगोनिया, पिटूनिया, कैलेडुला, गेन्दा बड़ा, कैंडीरफ्ट, फ्लाक्स, नस्टरसियम, लाईनेरिया, एन्ट्रहिनम, एक्रोक्लाइनम, स्कालिजया (कैलिफोर्निया पॉपी), हेलीक्राइसम, लार्कस्पर, मिगनेनिट, कोलियस, क्राईसोन्थिमम एनुअल, सालविया, लिपटोसिन गेलार्डिया तथा डहेलिया रख कर फ्लावर शो का आयोजन किया गया। मा0महापौर द्वारा बताया गया प्रथम बार नगर निगम में फूलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है आने वाले आगामी वर्षों के मार्च माह में डॉग शो तथा फूलों की प्रदर्शनी का आयोजन नियमित रूप से करते हुए प्रतियोगिता आयोजित कर पुरस्कार वितरण का कार्य भी किया जाए। संचालन सचिव परिषद पी0के0द्विवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान मंचासीन महापौर, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनीता दरबारी, पार्षद राजू शुक्ला, शिव सेवक सिंह, किरन जयसवाल सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त पार्षदगण तथा अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, संजय कटियार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी, मुख्य नगर लेखा परीक्षक बालेन्दु मिश्र तथा समस्त अधिशाषी अभियन्ता, समस्त अवर अभियन्ता, अवर अभियन्ता/नाजिर राम सकसेना अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**फूलों की प्रदर्शनी फ्लावर शो के आयोजन का शुभारम्भ**



## सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर पीएसी व पुलिस ने किया पैदल मार्च



**मांडा।** माहे रमजान, सीएए की अधिसूचना और निकटस्थ होली जैसे त्योहार को लेकर मिश्रित आबादी वाले गांवों और भारतगंज कस्बे में पुलिस व पीएसी सक्रिय हो गई है। भारतगंज कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी के जवानों ने पैदल गश्त किया। बुधवार को क्षेत्र के भारतगंज कस्बे में इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज भारतगंज विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में मांडा थाने व भारतगंज चौकी की पुलिस व महिला आरक्षियों के अलावा पीएसी के जवानों ने विभिन्न मोहल्लों में पैदल गश्त कर लोगों शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने तथा अराजक तत्वों से भयभीत न होने की अपील की।

## महिलाओ को सेनेटरी पैड वितरण कर किया जागरूक




**मांडा।** नारी सुरक्षा पैड बैंक का तीसरा महीना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट द्वारा नारी सुरक्षा पैड बैंक के तहत चार गांव में 400 महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटकर जागरूक किया गया। साथ में महिलाओं को माहवारी संबंधित जानकारियां दी गई। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में महावारी संबंधी जागरूकता का अभाव है, बहुत सी महिलाएं सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करना, इससे क्या क्या फायदे है ऐसे सभी जानकारियों का अभाव है। ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट द्वारा नारी सुरक्षा पैड बैंक के तहत 6 महीने तक प्रत्येक गांव में यह अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं महावारी संबंधित जानकारियां दिया जा सके और उनके सवालों का जवाब दिया सके। लोगों से अपील किया कि अपने घर की महिलाओं को सेनेटरी पैड के लिए जागरूक करें और गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए आगे आए। इस कार्यक्रम में डा सूर्य भान कुशवाहा एवं प्रदीप कुमार द्वारा लोगो को जोड़ कर सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान दीप्ति कुशवाहा, आंचल विश्वकर्मा उपस्थित रही।

## हिमांशु सिंह के समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव बनने से युवाओं मे उत्साह



**करछना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से सपा युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी ने जमुनापार के मेजा विधानसभा क्षेत्र के भड़ेवरा गाँव निवासी हिमांशु सिंह को प्रदेश सचिव नामित किया है। हिमांशु सिंह पार्टी के संघर्षो और आंदोलनों में हमेशा सक्रिय रहते हैं। हर साल "यूथ मिलन समारोह" का आयोजन करके युवाओं को सम्मानित करते हैं जिससे हिमांशु सिंह युवाओं मे लोकप्रिय हैं। इनके मनोनयन पर करछना के युवाओं मे काफी उत्साह है। कामेश्वर सिंह, जनार्दन सिंह, दादू सिंह, डाक्टर धर्मेंद्र यादव, डाक्टर उमेश यादव,शिवम शर्मा, अखिल शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, योगेश सिंह आदि ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की और कहा कि हिमांशु सिंह के प्रदेश सचिव बनने से युवा वर्ग उत्साहित है।

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर राजेश खरे और उपाध्यक्ष के लिए आशुतोष तिवारी ने किया नामांकन



**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर इन दिनों नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया चल रही है। 14 मार्च यानी गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। इससे पहले बुधवार को बार चुनाव के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व कार्यवाहक महासचिव अधिवक्ता राजेश खरे ने भारी अधिवक्ताओं के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। लोग राजेश खरे जिंदाबाद के नारे लगाते चल रहे थे। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष आशुतोष तिवारी आशु ने पर्चा दाखिल किया। उनके पर्चा दाखिला के दौरान न्यायकक्ष संख्या 42 से लेकर बार कार्यालय तक तमाम अधिवक्ताओं को हुजूम उनके साथ चल रहा था। सभी अधिवक्ता जिंदाबाद के नारे लगाते चल रहे थे। इस दौरान उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार को भारी समर्थन मिल रहा था। उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार और पूर्व कोषाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने अधिवक्ताओं से कहा कि उनके चुनाव लड़ने का कारण अधिवक्ताओं के सामने हाईकोर्ट के अंदर और बाहर आने वाली समस्याओं का निदान करना है। कहा कि जीतने के बाद बदलाव भी देखने को मिलेगा। वहीं 14 मार्च यानी गुरुवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है। जहां गुरुवार को हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप कुमार तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्रदीप तिवारी नामांकन के लिए हाईकोर्ट के कोर्ट नंबर नई के पास से 11 बजकर 30 मिनट पर अपने लोगों के साथ हाईकोर्ट मे अधिवक्ताओं से मिलते हुए बार एसोसिएशन के कार्यालय में अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करते समय अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला संयुक्त सचिव प्रशासन सर्वेश कुमार दुबे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# माघ मेले में जलाई जा रही पराली, प्रशासन बेखबर

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** माघ मेला क्षेत्र में खुलेआम पराली जलाई जा रही है। सब कुछ देखकर भी जिम्मेदार अंजान बने है। बुधवार को झूंसी की ओर गंगा घाट पर बिछाई गई पराली में आग लगा दी गई थी। धुंए का गुबार दूर से ही नजर आ रहा था। पराली जलाने के कारण होने वाले पॉल्यूशन को लेकर सरकार सख्त है। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। पराली जलाने वाले किसानों पर एफआईआर की गई है जुमार्ना भी वसूला गया। लेकिन माघ मेले में जलाई जा रही पराली पर किसी का ध्यान नही जा रहा है। माघ मेला समाप्त हो चुका है। कार्यदाई संस्था अपना अपना सामान समेटने में लगी है। कलवासी शिविरों व गंगा घाट पर बिछाई गई पराली भी हटाई जानी है लेकिन उसे हटाने के बजाय वही पर जलाया जा रहा है।

## एसडीएम के घर चोरी, लाखों के जेवर और नगदी ले गए चोर

**प्रयागराज।** करछना के कौंधियारा थाना क्षेत्र में पंडित का पुरवा गांव में सोमवार की दोपहर चोरों ने एसडीएम के घर को भी नहीं बक्शा, दरवाजे से सुने घर में घुसे चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया । एसडीएम के परिजनों ने कौंधियारा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर चोरों का पता लगाने में जुट गई है । बताया जाता है कि पंडित का पुरवा गांव जारी पुलिस चौकी से ढाई किलोमीटर दूर है । इसी घर से एसडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी हैं । उनके परिजनों के अनुसार सोमवार की दोपहर पुराने घर में ताला लगाकर घर की एक महिला और लड़का गांव के बाहर बने खेत में अपने नए मकान में खाना खाने चले गये । बताया जाता है कि किसी तरह सूने घर का ताला खोलकर चोर भीतर दाखिल हुए और 6 कमरों के मकान में दाखिल होकर चोर करीब 7 लाख रुपए का नगदी और आभूषण, महिलाओं के महंगे कपड़े ले जाने में कामयाब हो गए । शाम को जब घर के लोग अपने पुराने घर में रहने के लिए पहुंचे तो पता लगा कि पूरा घर फैला पड़ा है अलमारी का ताला टूटा है और कई बैग की चैन खोलकर सामान बाहर फैला है उसमें रखे गहने और नगदी गायब हैं । इस घटना की सूचना एसडीएम के भाई रविकांत त्रिपाठी ने कौंधियारा थाने पर लिखित रूप से दी है। मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों और गांव वालों से बातचीत के बाद चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है । आसपास की इलाके में इस घटना से सनसनी है । एसडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी घर से बाहर ऑन ड्यूटी हैं । पंडित कपूर्वा गांव के घर में उनके भाई परिवार के साथ रहते हैं । ज्यादातर घर के बाहर बने नए मकान में ही लोग रहते हैं ।

## मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने रू0-46 लाख गृहकर बाकाये पर किया भवन कुर्क

**प्रयागराज।** नगर विकास विभाग उ.प्र. शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री पी0के0द्विवेदी द्वारा गृहकर के छोटे बकायेदारों यथा आर्थिक रूप से विपन्न/विकलांग/निराश्रित/विधवा एवं रोजमर्रा का कार्य करने वाले ऐसे किसी भी भवन स्वामी के साथ सहानुभूतिपूर्वक से बकाया गृहकर जमा करने हेतु समझाया जा रहा है। किन्तु वर्षों से बकाये के रूप में गृहकर को न जमा करने वाले ढीठ एव अड़ियल भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जा रही यह निगम की गृहकर वसूली नीति बना दी गयी है जिसपर अमल करते हुए आज दिनांक 13.03.2024 को जोनल कार्यालय कटरा के अन्तर्गत वसूली टीम का नेतृत्त कर रहे मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री पी0के0द्विवेदी द्वारा स्वंय उपस्थित होकर भवन संख्या 18/14 एवं 12/16 पत्रिका मार्ग सिविल लाइन्स स्थित ह्यह्यपत्रिका हाउसह्यह्य पर बकाया गृहकर की धनराशि रू0-46.00 लाख भुगतान न करने पर उसे कुर्क करते हुए अटैचमेन्ट की कार्यवाही की गयी। सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-14.00 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूल की गयी।

# पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक लखन लाल मिश्रा पहुंचे प्रयागराज

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक लखन लाल मिश्र का आगमन प्रयागराज हुआ पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र के नेतृत्व में पूर्वांचल प्रभारी आयुष श्रीवास्तव. मंडल महासचिव मोहम्मद शरीफ, जिलाध्यक्ष वरुण मिश्रा एवं कार्यकताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया राष्ट्रीय संरक्षक लखन लाल मिश्रा का प्रयागराज का दौरा बीते दिनों संपन्न हुए माघ मेला में पत्रकार विकास परिषद की समीक्षा हेतु एवं प्रयागराज में मौजूद पत्रकार विकास परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से परिषद की बढ़ोतरी पर वार्ता करने हेतु हुआ पत्रकार विकास परिषद के प्रदेश पूर्वांचल प्रभारी आयुष श्रीवास्तव ने बताया की पत्रकार विकास परिषद के मुखिया संरक्षक लखन लाल मिश्र का आगमन बुधवार को 1 बजे प्रयागराज की पावन धरती पर हुआ राष्ट्रीय संरक्षक के स्वागत समारोह में राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र. प्रदेश कार्यालय प्रभारी. प्रदेश पूर्वांचल प्रभारी. मंडल महासचिव मोहम्मद सरीफ जिला अध्यक्ष प्रयागराज वरुण मिश्र. मनीष मिश्रा अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय संरक्षक का अंगवस्त्र बुके माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया राष्ट्रीय संरक्षक के स्वागत समारोह के उपरांत जलपान करके संरक्षक के साथ राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी वाराणसी बाबा की नगरी के लिए प्रस्थान कर गए एवं वाराणसी में सर्वप्रथम प्रदेश महासचिव सुनील कटियार एवं कुछ वरिष्ठ पत्रकारों से मुलाकात करने के उपरांत वाराणसी मंडल जिला टीम के साथ बैठक करने के उपरांत बीएचयू के निदेशक प्रो. एस. एन शंखवार के सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे उसके उपरांत बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करके लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सूदखोरों के आतंक से आत्महत्या करने वाले युवक विद्याकांत की माताको सपा मुखिया ने दी आर्थिक मदद

**दो लाख रुपए का चेक सपा जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने मृतक की माँ गुड्डी देवी को सौंपा**

**गत 7 मार्च को अखिलेश यादव के प्रयागराज आने पर मिले थे विद्याकांत के परिजन**

**प्रयागराज।** सूदखोरों के आतंक से पीड़ित होकर प्रयागराज के घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इरादत गंज निवासी युवक विद्याकांत यादव (24) वर्ष द्वारा गत 3मार्च को आत्महत्या कर लेने के मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शोक जताते हुए परिजनों को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता की है। आज मृतक की माता श्रीमती गुड्डी यादव के नाम का दो लाख रुपए चेक सपा जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने सौंपा। ज्ञात हो कि गत सात मार्च को सपा मुखिया अखिलेश यादव के प्रयागराज आने पर पीड़ित परिवार ने उनसे मुलाकात कर अपनी पीड़ा जताई थी। अखिलेश यादव ने उन्हें आर्थिक मदद एवं न्याय दिलाने का आश्वासन दिया था।


## आवश्यकता है

मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज कोईलहा, पुरामुफ्ती, कौशाम्बी में स्ववित्तपोषित योजना केअन्तर्गत स्नातक स्तर पर बी०ए०एल-एल०बी० पाठ्यकम हेतु सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञन, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र एवं कम्प्यूटर साइंस के एक-एक पद एवं विधि के दो पद) कुल 7 पद योग्यताः विश्वविद्यालय एवं यू०जी०सी०के : नियमानुसार वेतनमान

यू.जी.सी. के मानकानुसार विज्ञपन प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण-पत्र एवं फोटो महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रसूलाबाद पुरामुफ्ती, उर्फ कोईलहा, जी०टी०रोड, कौशाम्बी 212213**

Email: institutemvils@gmail.com

MobileNo.: 9838077859


# जसरा बाईपास निर्माण के लिए पहुंची एनएचएआई टीम, किसानों ने रोका नहीं मिला है मुआवजा

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** बाइपास निर्माण के लिए गौहनिया इलाके में काम शुरू करने पहुंचे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और जिला प्रशासन की टीम को किसानों ने काम शुरू करने से रोक दिया। अधिकारी बड़ी संख्या में मजूदरों के साथ जेसीबी आदि वाहन लेकर पहुंचे थे। इसकी जानकारी होते ही बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए और कहा कि जिस जमीन पर काम लगाया जा रहा है उस जमीन के काश्तकारों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। किसानों का यह भी कहना है कि अभी फसल की कटाई भी नहीं हुई है और खड़ी फसलों को उजाड़ने पर अधिकारी अमादा है। किसानों का आरोप है कि खटंगिया गांव में मंगलवार को अधिकारियों ने किसानों और काश्तकारों की मांगों को अनसुना करते हुए कई बीघे फसल को नष्ट करके काम शुरू कर दिया। अधिकारियों और किसानों के बीच बातचीत में इस बात पर सहमति बनी थी कि मुआवजे का

**भूमि अधिग्रहण ...**



निस्तारण हो जाने और फसल की कटाई होने के बाद ही बाईपास का काम शुरू कराया जाएगा, लेकिन अधिकारी मनमानी पर उतारू हैं।

**35 दिन चला था आंदोलन :** भूमि अधिग्रहण के लिए उचित मुआवजा न मिलने और किसानों का उत्पीड़न करने के खिलाफ कुछ महीने पहले किसानों ने जबर्दस्त आंदोलन चलाया था। 53 दिन तक चले इस आंदोलन के बाद अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर मुआवजा देने का आश्वासन दिया था। कुछ किसानों को मुआवजा तो मिला है लेकिन वह जमीन के मूल्य से काफी कम है. इसको लेकर भी किसानों में असंतोष व्याप्त है। बड़ी संख्या में किसानों को अभी तक मुआवजे के रूप में एक रूपया तक नहीं मिला है। बुधवार को हाईवे के अधिकारी जिस जमीन पर काम लगाने के लिए पहुंचे थे उस जमीन के काश्तकारों को भी तक मुआवजा नहीं मिला है।

**मार्च 2023 से शुरू हुई है अधिग्रहण की प्रक्रिया :** बता दें कि कि मार्च 2023 से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हुई है। संबंधित भूमि व रकबे का गजट प्रकाशित किया गया था। जून माह में किसानों के नाम के साथ रकबे का प्रकाशन प्रमुख अखबारों में प्रकाशित किया गया। किसानों के द्वारा कोई विरोध नहीं किया गया, लेकिन सितंबर माह में मुआवजे के निर्धारण की जानकारी में कम मुआवजे को लेकर किसान असंतुष्ट हो गए और 10 सितंबर को जसरा-दौना मंदिर पर किसान नेता केके मिश्रा की अगुआई में किसान पंचायत कर आंदोलन शुरू कर दिया। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अपर आयुक्त, एडीएम नजूल विशेष भूमि आधिपत्य अधिकारी व एनएचएआई के अधिकारियों ने किसानों के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक कर किसानों का पक्ष सुना। इसके बाद अधिकारियों को किसानों की समस्या हल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। किसानों ने संबंधित अधिकारियों को मुआवजे से संबंधित आवश्यक कागजात दिए। परंतु आज तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला। किसानों का कहना है कि 2015 में रीवा बाईपास के निर्माण में अधिग्रहित की गई गौहनियां और अमरेहा ग्राम सभा के किसानों की भूमि का मुआवजा 80 लाख रुपये बीघा मुआवजा दिया गया था। आठ वर्ष बाद 32 लाख बीघा बनाया गया है, जबकि जमीन की कीमत काफी अधिक हो गई है।



## हामारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम

## निपुण विद्यालय हमारी प्राथमिकता है : अखिलेश वर्मा

**जसरा।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र जसरा घूरपुर में मंगलवार को हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव आयोजित हुआ। कार्यकम में बच्चों को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी जसरा अनीस अहमद ने कहा कि निपुण बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। इन्हें निखारने की जरूरत है। आयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा ने कहा कि शिक्षकों की पहली प्राथमिकता निपुण लक्ष्य हासिल करना है। प्रत्येक दशा में हमें समस्त विद्यालय निपुण करना होगा। इस मौके पर कक्षा एक, दो एवम तीन के निपुण सैकड़ों बच्चों को पुरष्कृत किया गया। बसहरा विद्यालय की सुनीता कन्नौजिया सहित कई शिक्षकों ने निपुण मिशन व विज्ञान से सम्बंधित प्रदर्शनी लगाई। बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सीडीपीओ जसरा विनीता अग्रहरी ने आंगनबाड़ी केन्द्र के निपुण बच्चों को पुरष्कृत किया। इस मौके पर एआरपी प्रमोद मिश्र, गिरीश सिंह, सतीश कुशवाहा, जितेंद्र मिश्रा, महेंद्र सिंह, मयंकधर द्विवेदी, उपेंद्र द्विवेदी, रामप्रकाश पाल, राजेश्वर जी, शिवभान सिंह सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्री व बच्चे उपस्थित रहे।


## आवश्यकता है

एम० वी० आर० लॉ० कालेज, कसिया, सिराथू,कौशाम्बी में स्ववित्तपोषित योजना के अर्न्तगत एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय) एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रवक्ता 6 पद एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवक्ता - 1 पद (राजनीति विज्ञन) एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम योग्यता विश्वविद्यालय एवं यू०जी०सी० के नियमानुसार वेतनमान यू०जी०सी० के मानकानुसार विज्ञपन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समस्त स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों एवं फोटो विधि महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्ट्रेड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक एम० वी० आर० लॉ० कालेज, कसिया, सिराथू, कौशाम्बी - 212201**

Email-nodalmvrl@gmail.com

मोबाइल नं0- 7518011098

# नारी शक्ति केंन्द्र पर महिलाओं को दी गई सिलाई मशीन

## विधायक की पहल से डा.अलका नारी शक्ति केन्द्रों को मिला सशक्तीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिलाओं में स्वावलम्बन तथा आत्मनिर्भरता के जोश को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना द्वारा एक बडी सार्थक पहल सामने आयी है। सशक्तीकरण के क्षेत्र मे आराधना मिश्रा मोना के इस अभिनव प्रयास से महिलाओं के जागरूक समूह को शक्ति केन्द्र के रूप में विकसित बनाकर स्वरोजगार के जरिए स्वयं में सशक्त होने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

लालगंज एवं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के पांच पांच समूह को डा0 अलका नारी शक्ति केन्द्र के रूप में गठित कर अब इन शक्ति केन्द्रों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण एवं खुद के स्वावलम्बन का जज्बा कामयाबी को बुलन्द करता दिखेगा। आराधना मिश्रा मोना ने संस्थान की सचिव के रूप में अपनी छोटी बहन प्रो. डॉ0 विजयश्री सोना को



नारी शक्ति केंद्र को सिलाई मशीन वितरित करतीं विधायक मोना।

साथ लेकर इन नारी शक्ति केन्द्रों को मॉडल बनाए जाने की कार्ययोजना को आगे बढ़ाने का सराहनीय कदम उठाया है। अपने पिता राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रभावी मार्गदर्शन में आराधना मिश्रा मोना द्वारा डॉ. अलका नारी शक्ति केंद्र के जरिए महिलाओं को उनकी क्षमता तथा गुणों को सशक्त सरोकार सौपा है। विधायक मोना ने प्रत्येक शक्ति केंद्र की महिलाओं से कार्यक्रम में प्रभावी संवाद कर उन्हें आर्थिक तरक्की के गुर भी बताये। .

आराधना मिश्रा मोना के मोटीवेटर स्पीकर के रूप में भरे गये जोश से शक्ति केंद्र की महिलाओं में भरपूर आत्मविश्वास भी बना देखा गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की पत्नी तथा विधायक मोना की मां स्वर्गीया डा0 अलका तिवारी मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज में प्रोफेसर के रूप में सदैव सेवाभाव जगाने के लिए आम जनमानस की स्मृति पटल पर गहरी छाप रखती हैं। ऐसे में विधायक मोना ने अपनी मां डा. अलका की स्मृति में रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर पूरे सेवकराय, मोहम्मदपुर, नौढ़िया पूरे रघुवर, मादामई व कामापटटी तथा लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर लालगंज के परसपुर, भदारी कला, उधरनपुर, खजुरी, सराय जानमती गांवों में डा. अलका नारी शक्ति केन्द्र को वृहद स्वरूप देने का सशक्तीकरण के क्षेत्र में आदर्श ढ़ांचा तैयार किया है। कार्यक्रम में लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामपुर के पूर्व उपप्रमुख भुवनेश्वर शुक्ला, राकेश चतुर्वेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, रविशंकर शुक्ल, लालजी पटेल, ओमप्रकाश यादव ने भी विधायक आराधना मिश्रा मोना के इस प्रयास को नारी शक्ति का सराहनीय दिशाबोधक अभिनव कदम ठहराया।

# देश को बदलने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्णः सांसद

## जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का सांसद ने किया शुभारंभ किया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि देश को बदलने में युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है हमारे युवा आने वाले कल के देश निर्माण और भाग्य विधाता है। युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शो का अनुसरण कर समाज में अपनी पहचान बनाए तथा माता पिता का नाम रोशन करे। सांसद आज यहां राजकीय औद्योगिक संस्थान (आई. टी .आई) में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है।उसे पूरा करने में युवा आगे आएं अमृत काल के पंच प्रण को याद रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रचारक शिव प्रसाद ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पंच प्रण का अनुसरण करना होगा। इस अवसर पर संसद ने विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया इस अवसर पर


सांसद संगम लाल गुप्ता को सम्मानित करते आयोजकगण।

आई. टी.आई.के प्राचार्य बी.बी. सिंह, समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य, भाजपा नेता गिरधारी सिंह, विभाग संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अमित देव, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर.बी. सिंह, विश्वजीत जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव जिला गंगा समिति वन विभाग आदि ने जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। प्रारम्भ में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा सभी अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेज उपाध्याय तथा नेहरु युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र ने सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट किया। पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में आनंद सिंह, रूपल सिंह, समृद्धि सिंह, राज यादव सांगीपुर, अनामिका, नमन, कविता, आयुष सिंह, हिमांशु मिश्रा आदि ने अपना व्याख्यान दिया। अंत में नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विभाग की खुली नींद अधूरी सड़क हुई पूरी

## सांगीपुर के वीरशाहपुर प्रावि का है मार्ग

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/सांगीपुर, प्रतापगढ़।** शिलान्यास के डेढ़ वर्ष बाद विभाग की नींद खुली तो प्राथमिक विद्यालय की अधूरी सड़क के कार्य को पूर्ण करने की पहल शुरू की। आनन-फानन में कार्यदाई संस्था को कर्रा करते हुए पखवारे भर में अधूरी सड़क को पूर्ण करा दिया।

विकास खंड सांगीपुर क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय वीरशाहपुर को रायपुर तियाई मार्ग से जोड़ने वाली सड़क को पीसी बनाने की आधारशिला स्थानीय नेताओं द्वारा जुलाई 2022 में ही रख दी गई थी। उक्त कार्य का निर्माण जिला पंचायत से लगभग दस लाख की लागत से कराया जाना था। कार्यदायी संस्था ने शिलान्यास के कुछ माह बाद सड़क पर शंकरगढ़ की गिट्टी डालकर इस कार्य को भूल गया। डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी इस समस्या की तरफ न तो विभाग के लोगों की और न ही शिलान्यास करने वालों की नजरें पड सकी। यहां तक कि मार्ग पर पड़ी गिट्टी पर रोलर तक नसीब नही हो सका था। इसी रास्ते से नौनिहालों के साथ ही ग्रामीणों का आना-जाना रहता था। बोल्डर गिट्टी की वजह से स्कूल के मासूम बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे थे। विभाग की लापरवाही को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की तो विभाग नींद से जाग गया और आनन-फानन में कार्यदायी संस्था को कर्रा करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। ठेकेदार ने पखवारे भर में ही अधूरी सड़क को पूर्ण करा कर राहत की सांस ली।

# बालिका वर्ग में आरती व बालक वर्ग में जियाउल हक को मिली चैम्पियन की शील्ड

## एमडीपीजी कालेज में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता के अंतिम दिन आज समारोह पूर्वक प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। खेल परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि बालिका वर्ग में आरती कनौजिया एवं बालक वर्ग में जियाउल हक को चैंपियन की शील्ड प्राप्त हुई।

आज आयोजित प्रतियोगिताओं में गोला फेंक महिला वर्ग में आकांक्षा यादव प्रथम, खुशी मिश्रा द्वितीय एवं आरती कनौजिया तृतीय स्थान पर रहीं ।गोला फेंक पुरुष वर्ग में जियाउल हक प्रथम, शिवांश दुबे


प्रमाण पत्र के साथ विजयी खिलाड़ियों के बीच प्राचार्य व अन्य।

द्वितीय एवं महताब आलम तीसरे स्थान पर रहे। भाला फेंक महिला वर्ग में आकांक्षा यादव प्रथम, कविता गुप्ता द्वितीय एवं खुशी मोदनवाल तृतीय स्थान पर रहीं जबकि भाला फेंक पुरुष वर्ग में महताब आलम प्रथम, मोहम्मद शाहिद द्वितीय, शिवांश दुबे तृतीय स्थान पर रहे।

100 मी पुरुष वर्ग दौड़ में जियाउलहक प्रथम, नीरज कुमार द्वितीय एवं लकी गौतम तृतीय स्थान पर रहे। 200 मी पुरुष वर्ग में जियाउलहक प्रथम, नीरज कुमार द्वितीय एवं रितेश को तृतीय स्थान मिला।पुरुष वर्ग की 800 मी दौड़ में नीरज कुमार प्रथम, रितेश द्वितीय एवं शिवांश दुबे तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आरती कनौजिया प्रथम, काजल द्वितीय एवं आकांक्षा यादव तीसरे स्थान पर रहीं।

200 मीटर दौड़ में आरती कनौजिया प्रथम, काजल द्वितीय एवं आकांक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर दौड़ में आरती कनौजिया प्रथम, काजल द्वितीय एवं कविता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में पूजा यादव की टीम विजेता रही जबकि ज्योति यादव की टीम उपविजेता बनीं। क्रीड़ा प्रभारी प्रो पीके सिंह ने स्वागत एवं प्रो रमेश चंद्र शुक्ल ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो संतोष कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम में प्रो ए के श्रीवास्तव, प्रो अरविंद मिश्र, प्रो ए के तिवारी, डॉ सी एन पांडेय, प्रो माया शंकर, डॉ बालराज मिश्र, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ स्वामीनाथ तिवारी, डॉ अनीश द्विवेदी, डॉ मनीष सिंह, डॉ अरुण कुमार वर्मा, डॉ मुक्त वर्मा, डॉ कमलाकांत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# रास्ते के विवाद में मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने महिला की पिटाई कर दी। शोर मचाने पर आरोपियों द्वारा जानलेवा धमकी दी गयी। लालगंज कोतवाली के रैठ पूरे नोती निवासी रमाशंकर तिवारी की पत्नी गायत्री ने मंगलवार की शाम पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि घटना की सुबह गांव के दो आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचकर रास्ते के विवाद को लेकर उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता की पिटाई कर दिया। पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि शिकायत मिली है जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# फोन पर दी जानलेवा धमकी, केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी द्वारा फोन पर पीड़ित व उसकी पुत्री व दामाद को जानलेवा धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे विश्राम जेवई निवासी ननकऊ वर्मा के पुत्र राजेन्द्र कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि पड़री गांव के अजीत वर्मा ने उसे फोन कर उसकी पुत्री तथा दामाद व उसे जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपी अजीत के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने विवाहिता को दहेज उत्पीड़न के चलते प्रताडित करने को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के चैबे का पुरवा लकुरी निवासी मो. सईद की पुत्री शबनम बानो की शादी लालगंज के दौलत का पुरवा अमावां में याकूब अली के साथ हुई है। पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पहली मार्च को सुबह दस बजे दहेज की मांग को लेकर पति याकूब अली तथा ननद नसरीन बानो व ममिया सास कमरजहां ने उसे मारापीटा। आरोपियो ने मुम्बई में पीडिता के मायके वालो से एक फैक्ट्री की मांग पूरी न करने पर उसे जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति याकूब अली समेत ससुरालीजनो के खिलाफ दहेज प्रताडना तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है।

# जमीन विवाद को लेकर महिला सहित दो को पीटा शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों ने महिला व उसके पुत्र को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। हल्ला गुहा सुनकर आस-पास के लोगों के आ जान से पीड़ितों की जान बची। कोतवाली क्षेत्र के बेला गांव की रहने वाली पुदीना पटेल ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद काफी समय से चला रहा है। इसी विवाद के चलते बुधवार की सुबह चार बजे के आस-पास पड़ोसियों ने उसके घर पर आकर मां बहन को गालियां देते हुए पुदीना पटेल को मारने पीटने लगे बेटा शिवांशु पटेल बचाने के लिए आया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिए। हल्ला गुहार सुनकर आस-पास के लोगों के बीच बचाव से किसी तरह पीड़ितों की जान बची। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर अग्रिम कार्रवाई में झुकी हुई है।

# अज्ञात चोर घर में घुसे, नहीं हो सके कामयाब

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की नीयत से घर में लगे लाइट को खोल रहे थे। इसी बीच परिजनों की आंख खुल जाने की वजह से वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। और वहां से भाग निकले। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर दिशिनी गांव के रहने वाले प्रदीप तिवारी पुत्र स्वर्गीय हरिश्चंद्र तिवारी ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है। बुधवार की सुबह 3:00 बजे के आस-पास उसके घर में अज्ञात चोर घुस गए। और घर में लगे लाइट को खोल रहे थे। इसी बीच परिजनों की आंख खुल जाने की वजह से वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। और वहां से अज्ञात चोर भाग निकले। पीड़ित प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# एक करोड़ 83 लाख से जगमग होगा बेल्हा देवी घाटों का उत्तरी क्षोर

## बनेगा आकर्षक पार्क, होंगी सुसज्जित लाइटें व बैठने का स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी मंदिर के बगल बहने वाली सई नदी के उत्तरी क्षोर जहां जंगल सा दिखाई पड़ता है, को विकसित करने के लिये वंदन योजना के तहत जंगल में मंगल करने की शुरुआत नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने की। इस योजना के तहत एक करोड़ 83 लाख की लागत से दो बीघे जमीन में सुसज्जित पार्क बनाया जाएगा जहां आकर्षण पैदा करने वाली विद्युत लाइटों से सजाया जाएगा और बैठने का स्थान बनाकर इसे पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने की योजना है।

नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह


पार्क के लिये भूमि पूजन करते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

ने इसके लिये भूमि पूजन किया तथा फावड़ा चलाकर इसकी शुरुआत किया। इस मौके पर सच्चा आश्रम के पुजारी मनोज ब्रहमचारी, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्रीय सभासद कमल देव, जेई जल सभाजीत यादव सहित अनेक क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। नगर पालिकाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया है कि इसका कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कर आम जनता को इस आकर्षक पार्क का लाभ दें।

# रोडवेज-कार की टक्कर में मां, बेटे व चालक की मौत, दो गंभीर

## कार का अगला टायर फटने से हुई दुर्घटना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के हथिगवां थाना क्षेत्र के बिसहिया गांव के समीप मंगलवार की रात प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर एक कार रोडवेज बस से टकरा गई। कार में बैठी मां, बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में घायलों में दो महिलाओं की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है जिसका इलाज प्रयागराज में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि कार का अगला पहिया फटने से यह


मृतक अंता गोस्वामी व गुनगुन (फाइल फोटो)

दुर्घटना हुई जिसमें कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। कार में फंसे लोगों के शवों को कार से कटर से काटकर शवों को निकाला गया। मृतकों में कार चालक जिसकी उम्र 35 वर्ष बताई गई।

बगल के सीट पर 40 वर्षीय महिला और पीछे की सीट पर 11 वर्षीय उसकी बेटी सिर में चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान हो गई है। मृतक महिला व उसकी बेटी का नाम अंता गोस्वामी व गुनगुन गोस्वामी है जो प्रयागराज के रहने वाले हैं। इस दुर्घटना से मृतक परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# सफलता के क्षेत्र में छात्र छात्राओं का सदैव होना चाहिए ऊँचा मनोबल

## बहुगुणा पीजी कालेज के एनएसएस शिविर का हुआ समारोहपूर्वक समापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का बुधवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी इंदुप्रकाश श्रीवास्तव व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र तथा पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरएस त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

शिविरार्थी छात्राओ मीनाक्षी, अंजली, प्रिया मिश्रा, अनुष्का मिश्रा व छात्र लाल बहादुर वर्मा व सचिन जोशी ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान के साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ इंदुप्रकाश ने कहा कि युवा विचारधारा के सजग रहने पर हमारी राष्ट्रशक्ति सदैव मजबूत दिखेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि छात्र छात्राओं में हर सफलता को हासिल करने की साहसिक क्षमता है। उन्होने शिविरार्थियों से शिविर में अपने अनुभव को भविष्य निर्माण के लिए अग्रसर बनाने का आहवान



समापन समारोह को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र।

किया। विशिष्ट अतिथि अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी तथा रिटायर्ड डिप्टी सीएमओ डा. पुरूषोत्तम शुक्ल ने शिविरार्थियों को मतदाता जागरूकता अभियान में प्रभावी भूमिका के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने युवाओं से सफलता हासिल करने के लिए सफल मेधावियों के श्रम व लगन से सीख लेने की सलाह दी। कार्यक्रमाधिकारी डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने शिविर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। डा. ऋचासुकुमार ने छात्राओं को सशक्तीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हौसला आफजाई की। संचालन कार्यक्रमाधिकारी डा. सीमा त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर इं. जितेन्द्र तिवारी, इं. सिद्धार्थ त्रिपाठी, डॉ. आलोक द्विवेदी, डॉ. संतोष मिश्र, डॉ. गंगाधर मिश्र, डॉ. निशान्त, शिवकुमार यादव आदि रहे।

# सई घाट के समीप दिखा मगरमच्छ, हड़कम्प

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को लालगंज तहसील के उदयपुर थाना क्षेत्र में सई नदी के किनारे मगरमच्छ दिखने से हडकंप मच गया। मुस्तफाबाद के तुलसीराम का पुरवा सई घाट पर ग्रामीणों ने अचानक मगरमच्छ देखा। मगरमच्छ होने की जानकारी पाकर आसपास के ग्रामीण भी वहां इकटठा हो गये। इसके बाद मगरमच्छ सई नदी में गुम हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक घाट पर पक्के पुल का निर्माण हो रहा है। यहां सई नदी मे गहरा कुण्ड है और उसी में मगरमच्छ रहता है। मगरमच्छ को लोग सुबह शाम नदी के किनारे इससे पहले भी देख चुके हैं। मगरमच्छ को लेकर ग्रामीणों में कौतूहल देखा गया। यहां आसपास के गांवों के लोग मवेशियों को चराने के बाद घाट पर पानी भी पिलाया करते हैं। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल भी देखा जा रहा है। मगरमच्छ होने की जानकारी लेखपाल केके सरोज ने एसडीएम को दी। जानकारी मिलते ही एसडीएम प्रवीण द्विवेदी के निर्देश पर वन प्रभाग की टीम लालगंज से मुस्तफाबाद पहुंची। वहां एसओ उदयपुर राधेबाबू भी पहुंचे। वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र का कहना है कि टीम मगरमच्छ को पकडने के प्रयास में जुटी हुई है। इसे पकड़कर अब किसी बड़ी नदी में छुडवाया जाएगा। मगरमच्छ को लेकर सई के आसपास के घाटो पर भी लोगों में कौतूहल का माहौल बना हुआ है।

# डीएम ने विकास भवन स्थित कार्यालयें का किया आकस्मिक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

## अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा आज प्रातः 10 बजे विकास भवन स्थित कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिला विकास अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान लेखाकार अशोक कुमार सिंह, प्रधान सहायक बीरेन्द्र कुमार एवं पत्रवाहक श्री कृष्ण दत्त मिश्र अनुपस्थित पाये गये। उन्हांने कार्यालय के बाहरी भाग में गन्दगी एवं कूडादान अत्यन्त ही पुराना व गन्दा पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह अनुपस्थित पाये गये तथा कार्यालय में कार्यरत सहायक संख्याधिकारी पुत्ती लाल पटेल, सहायक संख्याधिकारी श्री निशान्त कुमार, सहायक संख्याधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र चौधरी एवं द्वितीय कनिष्ठ सहायक श्री जितेन्द्र कुमार भी अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी के निरीक्षण दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार उपस्थित पाये गये, परन्तु कार्यालय में कार्यरत लेखाकार जीतेन्द्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ सहायक श्री घनश्याम सिंह यादव, वरिष्ठ सहायक अंशुमान सिंह, वरिष्ठ सहायक कौशलेश सिंह, स0क0सु0 श्री अरूण कुमार त्रिपाठी, स0क0सु0 नीरज मिश्र, वरिष्ठ सहायक श्रीमती समरीन फात्मा, वरिष्ठ सहायक श्री शरद यादव अनुपस्थित पाये गये। उनके द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी श्री रवि शंकर द्विवेदी उपस्थित नहीं पाये गये, निरीक्षण के 05 मिनट के बाद कार्यालय में उपस्थित हुये एवं अपर जिला पंचायतराज अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी श्री रितेश सिंह के विलम्ब से कार्यालय में उपस्थित होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यालय में विलम्ब से आने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय में समय से उपस्थित होने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित पाये गये, परन्तु उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर वरिष्ठ सहायक श्री मनोज कुमार सिंह व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 राकेश कुमार अनुपस्थित पाये गये, जिस पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लखनऊ गये है, लेकिन कोई प्रार्थना पत्र मुख्यालय छोड़ने का प्रस्तुत नहीं किया गया। कार्यालय में साफ-सफाई तथा आलमारी के ऊपर अनावश्यक कागज व कवर रखे पाये पाये जाने पर पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी व उनके स्टाफ उपस्थित मिलें तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता कार्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता उपस्थित पाये गये, परन्तु इनके कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ सहायक श्री प्रशान्त आनन्द त्रिपाठी एक वर्ष से अनुपस्थित चले रहे है, जिस पर जिलाधिकारी ने इनके विरूद्ध कार्यवाही के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को अवगत कराने के निर्देश दियें। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई ठीक प्रकार से न पाये जाने एवं अभिलेखों/पत्रावलियों का रख-रखाव सही ढंग से न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं अभिलेखों/पत्रावली का रख-रखाव व्यवस्थित तरीके से करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों के सम्बन्ध में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर एक सप्ताह के अन्दर उनके कार्यालय में प्रस्तुत करें, यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो सम्बन्धित कार्मिका का वेतन देय नहीं होगा।

## न्यूज झरोखा

### मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम का दिया गया प्रशिक्षण

#### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम से सम्बन्धित मास्टर ट्रेनरों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश




**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए उदयन सभागार में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश कुमार राय ने ईवीएम से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश मास्टर ट्रेनरों को देते हुए कहा कि प्रशिक्षण भली-भॉति प्राप्त किया जाय तथा ईवीएम मैनुअल का भी गहनता से अध्ययन कर लिया जाय, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। ट्रेनर उमेश विश्वकर्मा द्वारा मास्टर ट्रेनरां को ईवीएम की सीलिंग, स्पेशल टैग लगाना, वीवीपैट को संचालित करना तथा वीवीपैट, बैलेट यूनिट व कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मॉकपोल एवं वास्तविक मतदान के दौरान मशीनों के प्रतिस्थापन एवं ईवीएम से जुड़े विभिन्न प्रकार के त्रुटियों का निराकरण किस प्रकार किया जाय आदि का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0/प्रभारी ईवीएम हरवंश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस



**कौशाम्बी।** जिले में एक युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना कड़ा धाम थाना क्षेत्र की है जहा कड़ा जड़ियन टोला निवासी बच्चालाल मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बुधवार को बच्चालाल अपनी पत्नी सुमन को लेकर मंझनपुर दवा लेने गया था। बताते हैं कि इसी दौरान बच्चालाल की 18 वर्षीय पुत्री ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। घर के बाहर खेल रहे छोटे भाई ने बहन को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उसके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने युवती को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है

### गेस्ट हाउस में शादी समारोह से बाइक चोरी कर भागा युवक, घटना सीसीटीवी में कैद

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे में गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह से बाइक चोरी कर युवक फरार हो गया। बाइक चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने इसकी शिकायत सीसीटीवी फुटेज सहित भरवारी चौकी पुलिस को दी है। तहरीर पाकर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी स्थित लखन लाल गेस्ट हाउस की है जहा कुम्हियावा के महेंद्र केसरवानी के आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था वह अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी कर गेस्ट हाउस के अंदर चला गया तभी एक युवक आया और बाइक चोरी कर फरार हो गया। बाइक चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित महेंद्र केसरवानी ने सीसीटीवी वीडियो सहित पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# 5 वर्षों से दलाली करने वाला एक कथित नेता अप्रत्यक्ष रूप से डिप्टी सीएम का कर रहा विरोध

**अखंड भारत संदेश**

## बालिकाओं की इज्जत से भी खेलने में इस कथित नेता पर लगे थे दाग

**कौशांबी।** जिला पंचायत के गेट में बैठकर 5 वर्षों से दलाली करने वाला एक कथित नेता अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का विरोध कर रहा है इस कथित नेता पर लगातार दलाली का आरोप है दल बदलू मौका परस्त यह कथित नेता लगातार विवादों से घिरा रहा है इन दिनों यह नेता फिर अपने बिरादरी के मतदाताओं को 80 प्रतिशत पलटने का दावेदारी कर रहा है जबकि नेता की स्थिति यह है कि इसके आगे पीछे दो-चार लोग साथ देने को तैयार नहीं है कुंडा क्षेत्र में पकड़ ना होने पर कौशांबी आने वाले इस नेता को भाजपा के कुछ नेताओं ने समर्थन करके 5 वर्षों से दलाली करने की छूट दे दी थी अधिकारियों का ट्रांसफर पोस्टिंग कराने और लोगों को ठेका दिलाने और विभिन्न बड़े-बड़े काम का इसने दलाली का ठेका लेकर के करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है काले रंग के वाहन में यह नेता पूरे दिन मुख्यालय में घूमता है काले रंग के वाहन में चलने वाले इस नेता के कारनामे भी काले है बेरोजगार इस नेता के पास रोजी-रोटी का कोई साधन नहीं है लम्बी चौड़ी बात करते हुए यह नेता बीते दिनों मुख्यमंत्री से भी मिल चुका है सरकार और बड़े नेताओं के नाम पर दलाली इसका व्यवसाय था लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान यह नेता अपने बिरादरी के मतदाताओं का 80 प्रतिशत मतदान रातों-रात पलटने का ठेका लेकर दूसरे पार्टी के नेताओं को बरगला कर उनसे भी धन एठने के जुगाड़ में लगा है इस नेता की करतूत आम जनता जान रही है इसके स्वजातीय मतदाता भी इसके साथ आने को तैयार नहीं है बालिकाओं की इज्जत से भी खेलने में इस नेता पर दाग लगे थे लेकिन फिर भी चापलूस जैसी लंबी चौड़ी बात कर यह मतदाताओं के बीच हंसी का पात्र बन रहा है 80 प्रतिशत बिरादरी के मतदाताओं को रातों रात पलटने का ठेका लेने वाले इस नेता का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें यहां मुराई नाम के एक नेता के बारे में टिप्पणी कर रहा है अप्रत्यक्ष रूप से यह डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बारे में बात कर रहा है 5 वर्षों में इसके द्वारा की गई दलाली के कारनामे की यदि शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच हुई तो दलाली करने वाले इस नेता को जेल जाने से कोई नहीं रोक सकता है।

### पइंसा में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** आगामी त्योहार को लेकर बुधवार को पंइसा थाना परिसर में उप जिलाधिकारी सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया । आगामी लोकसभा निर्वाचन, होली व रमजान के त्यौहारों के द्दष्टिगत सम्भ्रांत व्यक्तियों संग पीस कमेटी की बैठक का आयोजन पईसा थाना परिसर में किया गया। जिसमे एसडीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सभी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक किया, साथ ही एसडी एम ने लोगो की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण का आश्वासन दिया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा की सुरक्षा व्यवस्था के द्दष्टिगत पुलिस एवं क्लस्टर मोबाइल लगातार भ्रमणशील रहेगी । किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल डायल-112 का उपयोग करें । आपकी हरसम्भव मदद की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पुलिस टीम द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है । अफवाहों से दूर रहें किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करें । अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक में थानाध्यक्ष जगदीश कुमार , उपनिरीक्षक आदित्य सिंह , संतोष कुमार चौरसिया सहित थाना स्टॉफ व प्रधान रियाज अहमद सहित दर्जनों गणमान्य मौजूद रहे।

### डंफर की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र जख्मी, परिजनों ने कराया अस्पताल में भर्ती



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के टेढ़ी मोड़ बाजार पर एक अनियंत्रित डंफर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार पिता पुत्र सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घटनाक्रम के मुताबिक अनिल कुमार अपने पिता कृष्ण कुमार के साथ बाइक से टेढ़ी मोड़ दारानगर बाजार आए थे देवीगंज की तरफ से सिराथू की ओर जा रहा अनियंत्रित डमफर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी जिसमे अनिल के पिता कृष्ण कुमार को सिर में गंभीर चोट आई है जिन्हे परिजन देवीगंज के स्थानीय अस्पताल में उपचार करा रहे है अनिल कुमार ने कोतवाली सैनी पुलिस को तहरीर देकर समुचित कार्रवाई की गुहार लगाई हैं वहीं कोतवाली मामले की छानबीन में जुट गई है।

# निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में बालिकाओं को किया गया प्रोत्साहित

## निपुण विद्यालय सम्मान के अन्तर्गत 67 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र पहनाकर एवं डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया



**कौशाम्बी।** सम्राट उदयन सभागार कलेक्ट्रेट में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह, हमारा आंगन हमारे बच्चे, राष्ट्रीय अविष्कार अमियान व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बालिकाओं को प्रोत्साहन शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया गया है। इस अवसर पर के०जी०बी०वी० मंझनपुर की बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ० रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा निपुण विद्यालय सम्मान के अन्तर्गत 67 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र पहनाकर एवं डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अन्तर्गत 16 कक्षा-1 के बच्चों को प्रमाण पत्र, स्कूल बैग, 08 नोडल शिक्षकों एवं नोडल संकुल शिक्षकों को प्रमाण पत्र, देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष, कल्पना सोनकर द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रथम पुरस्कार विजेता गौरव उ०प्रा०वि० सैयद सरावाँ, द्वितीय हिमानी चौरसिया, उ०प्रा०वि० पुनवार एवं तृतीय पुरस्कार हेतु साक्षी दिवाकर उ०प्रा०वि० रसूलपुर ब्यूर को नकद पुरस्कार की धनराशि क्रमशः दस हजार, सात हजार पाँच सौ व पाँच हजार प्रदान की गयी है। इसी कड़ी में 07 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ढाई-ढाई हजार रुपए प्रदान किया गया है। कुल आये हुये 80 बच्चों को बैग व स्टेशनरी के साथ 150 रू० यात्रा भत्ता के रूप में प्रदान किया गया है। इसी अवसर पर डायट प्रचार्या व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा के०जी०बी०वी० की बालिकाओं को प्रोत्साहन सामग्री के रूप में ऑक्सफोर्ड डिक्सनरी, लूसंट जनरल नॉलेज, कम्प्यूटर बुक, मानचित्र व रिजनिंग बुक देकर उत्साहवर्धन किया गया कार्यक्रम में संचालन कर रहे एस०आर०जी० ओम प्रकाश सिंह एवं डॉ० दिलीप कुमार तिवारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित जिला समन्वयक प्रशिक्षण धर्मनाथ एवं बालिका शिक्षा योगेश तिवारी एवं निर्माण वीरेन्द्र कुमार सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के सम्बोधन को लोगो ने सुना



**कौशाम्बी** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं के लाभार्थियों के साथ हैब्रिड मोड पर संवाद किया तथा पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का लान्च किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार, प्राचार्य डायट भारती त्रिपाठी एवं एलडीएम जितेन्द्र चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### जिले में नई सर्किल का हुआ गठन, कौशाम्बी बनाई गई नई सर्किल

**कौशाम्बी।** जिले में नई सर्किल का सृजन किया गया है। शासन के आदेश पर कौशाम्बी को नई सर्किल बनाया गया है, जिसके बाद अब कौशाम्बी जनपद में 4 सर्किल हो गई है, जिसमे सभी सीओ की तैनाती भी कर दी गई है। मंझनपुर सीओ रहे अभिषेक सिंह को सीओ कौशाम्बी बनाया गया है। वही अवधेश विश्वकर्मा को सिराथू सर्किल का सीओ पूर्ववत बनाया गया है। सीओ चायल मनोज सिंह रघुवंशी को यथावत रखा गया है, वही जनपद में नव आगंतुक सीओ सत्येंद्र प्रसाद तिवारी को मंझनपुर का सीओ बनाया गया है।

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** थाना संदीपन घाट पुलिस उप निरीक्षक मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मंजय पटेल पुत्र राधेश्याम निवासी मुजाहिद पुर थाना संदीपन घाट जनपद कौशांबी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालन माननीय न्यायालय किया गया इसी क्रम में थाना महेवा घाट पुलिस उप निरीक्षक राजबहादुर राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अमरपाल पुत्र बाबूलाल निवासी घोघपुर थाना महेवा घाट जनपद कौशांबी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चलन माननीय न्यायालय किया गया

### 02 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**कौशांबी** थाना संदीपन घाट पुलिस उप निरीक्षक मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 515/14 धारा 138बी विद्युत अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त अनीश पुत्र हनीफ निवासी बड़े गांव थाना संदीपन घाट जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया इसी क्रम में थाना कोखराज पुलिस उप निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा ?मु0अ0स0 308/12 धारा 138 विद्युत अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त ओमप्रकाश तिवारी पुत्र बृजलाल निवासी असवां थाना कोखराज जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया

### 02 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**कौशांबी** थाना मोहम्मदपुर पैंसा पुलिस उप निरीक्षक संतोष चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 106/96 धारा 379/411 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त राम सिंह पुत्र भैरव प्रसाद निवासी बाले का पूरा थाना मोहम्मदपुर पैंसा जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। थाना संदीपन घाट पुलिस उप निरीक्षक शिवनाथ मय हमराह पुलिस बल द्वारा एनसीआर नंबर 03/15 धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त विपिन कुमार पुत्र कौशल चंद केसरवानी निवासी धन्नी थाना संदीपन घाट जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किए गए विधिक कार्रवाई के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# पर्यावरण और हम' तथा 'जल संकट और समाधान के लिए समर्पित रहा भवंस मेहता का विशेष शिविर

**अखंड भारत संदेश**



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में 13 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन का प्रथम -सत्र 'पर्यावरण और हम' तथा द्वितीय सत्र 'जल संकट और समाधान ' के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई करके किया गया उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इसके उपरांत बच्चों ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया।प्रथम सत्र को डॉ अनुज कुमार तिवारी ने संबोधित किया।उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण का अर्थ, उसकी महत्ता और वर्तमान समय में पर्यावरण के बदलते स्वरूप पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला अपने व्याख्यान के क्रम में उन्होंने बताया कि आज भले ही पूरे विश्व में धूमधाम से पर्यावरण दिवस मनाया जाता है परंतु केवल पर्यावरण दिवस मना लेने भर से हमारे कर्तव्यों की इतिश्री नहीं हो जाती अपितु संपूर्ण जनमानस को पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए जागरूक होना पड़ेगो उन्होंने स्वयंसेवकों से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया' राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने इस अवसर पर स्वयंसेवकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और समाज में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने करने के लिए प्रेरित किया' इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पर्यावरणीय चेतना से संबंधित कुछ गीत प्रस्तुत कियो इसके उपरांत सभी स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे तथा न पर्यावरण गंदा करेंगे और न होने देंगे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को डॉ. सतीश चंद्र तिवारी ने संबोधित किया उन्होंने बताया कि भारत सहित एशिया के बहुत सारे देश जल संकट का सामना कर रहे हैं यदि ऐसे ही लोग लापरवाही से जल का दुरुपयोग करते रहेंगे तो वो दिन दूर नही जब जल के लिए विश्व युद्ध होगा।प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह यादव,डॉ० योगेश ,लक्ष्मण प्रसाद आदि भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेमीकंडक्टर परियोजनाओं के उद्घाटन को छात्र छात्राओं ने सचित्र लाइव देखा




**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने 13 मार्च 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं के शिलान्यास लाइव प्रसारण किया गया। इस लाइव प्रसारण कार्यक्रम को महामाया राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में छात्र, छात्राओं , प्राध्यापकों ,कर्मचारी ने बड़ी स्क्रीन पर देखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बड़े ही धैर्य पूर्वक एवं शांति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेमीकंडक्टर परियोजनाओं के उद्घाटन को सचित्र रूप से लाइव देखा गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि आज का ये दिन ऐतिहासिक है आज हम इतिहास रच रहे हैं और उज्जवल भविष्य की तरफ बहुत बड़ा मजबूत कदम भी उठा रहे हैं। भारत अब दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरर है। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ अजय कुमार , डॉ अनिल कुमार डॉ रीता दयाल , डॉ तरित अग्रवाल , डॉ नीरज कुमार सिंह ,डॉ तरित अग्रवाल, डॉ पवन कुमार ,डॉ आनंद कुमार ,डॉ रमेश चंद्र ,डॉ संतोष कुमार , डॉ अमित शुक्ल ,डॉ शैलेश मालवीय आदि सभी प्राध्यापक एवं समरजीत राकेश अजय कुमार दिलीप कुमार पिंटू बाबू मानवेंद्र सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाए जा रहे यातायात से संबंधित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध साधन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 98वाहनों का ई चालान किया गया

## संपादक की कलम से

### कुछ छोटे और बहुत से बड़े इरादों को लेकर आया है सीएए

सीएए को लागू किया जाना विपक्ष को चेतावनी की घंटी के रूप में लेना चाहिये। यदि भाजपा को इस बार भी पूर्ण बहुमत मिलता है तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत को एक बड़ा बदलाव देखना होगा। इसकी आशंका लगभग तभी से व्यक्त की जा रही है जब भाजपा को 2014 में सरकार बनाने का मौका मिला था। यदि अगले कार्यकाल में उसे बड़ा बहुमत मिला तथा उसकी सरकार बनती है तो संविधान में किसी भी तरह के बदलाव के लिये तैयार रहना होगा- लोकतांत्रिक प्रणाली के बदले एकदलीय व्यवस्था से लेकर राष्ट्रपति शासन व्यवस्था- कुछ भी लागू हो सकती है।

ऐसे वक्त में जब देश आम चुनावों की दहलीज पर है, भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट- सीएए), 2019 को सोमवार को अधिसूचित कर अपने कई इरादों को जाहिर कर दिया है। भाजपा के एकमात्र चेहरे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि में लगातार गिरावट तथा उनकी सरकार की सभी मोर्चों पर नाकामियां दर्ज होने के बाद सीएए लाना यही बतलाता है कि 10 वर्षों तक सरकार चलाने के बाद भी पार्टी का एकमात्र हथियार अब भी ध्रुवीकरण ही है। इतना ही नहीं, सीएए लागू करने के बाद केन्द्र सरकार अगर तीसरा कार्यकाल पाने में सफल हो जाती है तो वह और क्या करने जा रही है- इसका भी संकेत इसी में छिपा हुआ है। मोदी व भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाना देश के लिये कितना खतरनाक हो सकता है- सम्भवतः यह समझ विपक्षी दलों एवं इंडिया गठबन्धन को इससे हो जानी चाहिये। हालांकि देखना यह भी होगा कि सीएए भाजपा ऐसे वक्त पर भी लेकर आई है जब वह इलेक्टोरल बॉड्स के मामले में सुप्रीम कोर्ट के कठघरे में है जहां से यह संदेश देश भर में चला गया है कि उसने देश के धनिक वर्ग से खूब पैसे बटोरे हैं।

सीएए काफी समय से लम्बित था। 2019 में पहले लोकसभा और फिर राज्यसभा से यह पारित तो हो गया था परन्तु कोरोना के कारण इसे लागू नहीं किया गया था। इसका मकसद तीन पड़ोसी देशों- पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान से आने वाले वहां के अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करना है जो उन देशों में धार्मिक रूप से प्रताड़ित हैं। ये सारे ही गैर मुसलिम समुदाय हैं। यह कह देना और इतना ही समझ लेना पर्याप्त नहीं है कि इलेक्टोरल बॉड्स पर सरकार की हो रही फजीहत से ध्यान बंटाने के लिये भाजपा सरकार सीएए लेकर आई है। राममंदिर का मुद्दा जिस प्रकार से औंधे मुंह गिरा है, भाजपा को साम्प्रदायिक मुद्दों की जरूरत अब भी बनी हुई है जो इसी चुनाव में और उसके बाद भी सामाजिक ध्रुवीकरण के विमर्श को जिलाये रखे। इस मामले को केवल यह मानकर भी परे नहीं सरका दिया जाना चाहिये कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कह दिया है कि 'यह नागरिकता छीनने का नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों से आने वाले प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का कानून है' (31 दिसम्बर 2014 के पहले भारत में आ गये थे)। पहले भी जब यह कानून लाया गया था तभी यह साफ हो गया था कि यह भेदभाव पर आधारित है क्योंकि इसमें म्यांमार जैसे देश के रोहिंग्या मुसलमान शामिल नहीं है जो वहां धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हो रहे हैं। यह कानून उसी लाइन पर बना है जो भाजपा के साम्प्रदायिक एजेंडे के अनुकूल है। वैसे भी इसे तब मानवीयता के खिलाफ बतलाया गया था और देश की उस नीति के विरूद्ध भी जिसका आजादी के बाद से पालन होता आया है।

2019 में जब यह कानून आया था तब और अब की सामाजिक व राजनीतिक परिस्थितियों में बड़ा फर्क आया है। अब मोदी और उनकी पार्टी जो तीसरी मर्तबा सरकार में आने की इच्छुक है, वह देश में बड़े बदलाव लाने के इरादे रखती है। इनमें सर्वोपरि है संविधान को बदलना। इसे पार्टी की ओर से कभी स्पष्ट तौर पर तो नहीं घोषित किया गया है लेकिन संविधान को लेकर जो विचार पार्टी रखती है और कई बार भाजपा से जुड़े लोग यदा कदा जाहिर करते रहते हैं, वह सब इसी दिशा की ओर इंगित करता है।

वैसे भी मोदी का दिया नारा 'अबकी बार 400 के पार' भाजपा की जरूरत है जिसके बल पर संविधान को रद्द किया जा सकता है। इस लिहाज से देखें तो सीएए तो प्रवेश द्वार है जिसे पार करने के बाद राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) तथा राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जिस एनआरसी को असंवैधानिक करार दिया गया था, उसे नये रंग-रोगन के साथ भाजपा सरकार लागू करने पर आमदा है। मूल रूप से इसे लेकर असम एवं पश्चिम बंगाल में बड़ा असंतोष था (अब भी है)।

## इस दौर का जनतानामा

– रोहित कौशिक

प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ लेखक कनक तिवारी ने हाल ही में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'जनतानामा'में विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गंभीरता के साथ चिंतन किया है। इस दौर में सत्ता और सत्ता की चरणवंदना करने वाले ठेकेदार जनता को व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के माध्यम से शिक्षित कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। इस कारण आज जनता विशेषत: युवा वर्ग नकली ज्ञान के सहारे नकली नारे लगा रहा है। इन नकली नारों से अंतत: युवा वर्ग ही सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। विकसित होते भारत में लगातार आपसी विश्वास कम होता जा रहा है और नकली मुद्दों पर ज्यादा बहस हो रही है। ऐसे माहौल में कनक तिवारी अपनी पुस्तक 'जनतानामा'के माध्यम से हमारे दिमाग का जाला तो साफ करते ही है, हमें विकास का असली अर्थ भी समझाते हैं। कनक तिवारी इस पुस्तक में जिस तरह से तर्कसंगत विश्लेषण करते हैं, वह उनकी अद्भुत मेधा का परिचायक है। जाहिर है कि सटीक विश्लेषण करने के लिए साहस की भी जरूरत होती है। साहस के साथ अपने समय का सच लिखने के अपने जाखिम हैं। सुखद यह है कि कनक तिवारी ये जाखिम उठाते हैं और सत्य के साथ कोई समझौता नहीं करते। इस दौर में यह साहस बहुत कम लेखकों में बचा है। कनक तिवारी संविधान विशेषज्ञ हैं। इसलिए वे उस साजिश का पदार्फाश भी करते हैं, जिसके माध्यम से संविधान का सहारा लेकर नकली भारत बनाने की कोशिश हो रही है। चाहे आदिवासियों का सवाल हो या फिर किसानों की समस्याएं हो, उनकी कलम बेबाकी से सत्य उजागर करती है। एक ऐसा सत्य जिससे देश के नागरिकों को दूर करने की कोशिश लगातार की जा रही है। वन अधिनियमों में जिस तरह से आदिवासियों के अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। अनावश्यक और बेतरतीब उद्योगों का जाल बिछाने के लिए खेती और रिहायशी अधिकारों को छीना जा रहा है। लेखक किसान आन्दोलन को बदनाम करने की नीयत पर भी सवाल उठाता है।

दरअसल भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है लेकिन कृषि प्रधान देश में किसानों की हालत दयनीय है। कुछ बड़े किसानों की बात छोड़ दें तो आज देश के अधिकांश किसान कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश का एक वर्ग किसानों की इन समस्याओं के लिए किसानों को ही जिम्मेदार ठहरा रहा है। कुछ समय पहले दिल्ली में 378 दिनों तक चले किसान आन्दोलन को जिस तरीके से बदनाम करने की कोशिश की गई, उससे यह पता चलता है कि किसानों की समस्याओं को भी हम राजनीतिक चश्मे से देखने की कोशिश करते हैं। आन्दोलन के दौरान और आन्दोलन के बाद भी किसानों को आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी और नक्सलवादी कहा गया। एक बार फिर किसानों को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। अपना हक माँगने के लिए यदि किसानों को आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी और नक्सलवादी होने के ताने सुनने पड़ें तो हम सहज ही यह अंदाजा लगा सकते हैं कि कुछ लोग किसानों को बदनाम करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। लेखक सभी सरकारों द्वारा किसानों को जानबूझकर बदहाल रखने के षड्यंत्र की पोल बखूबी खोलता है। लेखक भारत और हिन्दू धर्म को विवेकानन्द की दृष्टि से समझने का प्रयास करता है। इस दौर में जिस तरह से हिन्दू धर्म के नाम पर हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात हो रही है, क्या वह विवेकानंद के भारत की कल्पना को साकार करता है ? विवेकानन्द ने तो यहां तक कहा था कि हर शिक्षित हिंदू का यह कर्तव्य है कि वह हिन्दुइज्म के तत्वों का वैज्ञानिक परीक्षण करे। लेखक यह सवाल भी उठाता है कि क्या हम सच्चे अर्थों में ऐसा कर पा रहे हैं ? इस पुस्तक में लोकतंत्र की विसंगतियों पर गहन विमर्श किया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि विकसित होते भारत में लोकतंत्र की विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं। चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है लेकिन शुचिता का लबादा ओढ़े चुनावों में जिस तरह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शुचिता का जनाजा निकाल दिया जाता है, वह शर्मनाक तो है ही, दुखद भी है। कनक तिवारी सत्ता पर तो सवाल उठाते ही है, कांग्रेस के क्रियाकलापों पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी को भी सुझाव देते हैं। कोरोना काल की अव्यवस्थाओं पर भी सटीक चिंतन किया गया है। इससे दुखद और क्या हो सकता है कि कोरोना काल में लाशों के ढेर पर भी राजनीति की गई और सत्ता द्वारा अपनी अव्यवस्था को बेहतरीन व्यवस्था का लाबादा ओढ़ने के लिए प्रचार तंत्र का भरपूर इस्तेमाल किया गया।

# भाजपा की एक और तुरुप है सीएए

@ राकेश अचल




भाजपा का सब्र लाजबाब है। इतना सब्र भाजपा कहाँ से लाती है आखिर ? भाजपा ने आम चुनाव में उतरने से पहले कालेधन की कालिख से अपने आपको बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट का इलेक्टोरल बांड का फैसला धूमिल करने के लिए आखिर सीएए को लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। भाजपा का ये फैसला है तो विवादास्पद लेकिन है आत्मघाती फैसल। ये फैसला भाजपा की नाव पार भी लगा सकता है और नाव डूबा भी सकता है।

भाजपा ने नागरिकता संशोधन का बीज चार साल पहले 9 दिसंबर 2019 को बोया था। इस बीज को अंकुरित करने के लिए भाजपा ने चार साल तीन महीने तक चुपचाप खाद-पानी दिया और जैसे ही इलेक्टोरल बांड की आंधी ने भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी करने की स्थितियां बनाईं वैसे ही भाजपा ने नागरिकता संशोधन विधेयक को लागू करने का ऐलान कर दिया। इस कानून के खिलाफ देश में शुरू में जो गुबार उठा था उसे भाजपा ने लंबा खींचकर पहले ही ठंडा कर दिया था, लेकिन अब हालात बदल गए है। देश का विपक्ष भाजपा के इस दांव के सामने अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

नागरिकता कानून में संशोधन बोतल में बंद जिन्न की तरह है। भाजपा इस जिन्न के जरिये एक नहीं अनेक अल्पसंख्यक समुदायों को खुश करने का इंतजाम करना चाहती है। भाजपा को पता है की पिछले एक दशक में अल्पसंख्यक समुदाय के अनेक तबके भाजपा से नाराज है। इनमने मुसलमान, ईसाई और सिख सभी शामिल है। अब इन समुदाय के विदेशियों के लिए नागरिकता का रास्ता आसान कर भाजपा चुनाव में इन सभी अल्पसंख्यक समूहों की सहानुभूति बटोरना चाहती है। ये दूर की कौड़ी नहीं बल्कि एक सोचा-समझा हुआ गणित है। नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। आपको याद होगा की नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक राज्यसभा से पारित हुआ था। भारत का नागरिकता अधिनयम 69 साल पुराना है। इसकी आधारशिला अंग्रेजों के जमाने की है। भाजपा इस कानून के जरिये जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की तरह नागरिकता अधिनियम में तब्दीली करने के लिए कमर कसकर बैठी हुई थी। नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है।

आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।

मुमकिन है कि भाजपा इस काम को पहले अंजाम देती लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। कोरोना के कारण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने में देरी हुई। लेकिन अब इसे हम लागू कर दिया गया है। भाजपा ने 2019 लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में कहा था कि वह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने एक पंथ दो काज कर लिए है। एक तो इस कानून के जरिये भाजपा अपने अल्पसंख्यक प्रेम को स्थापित करने के साथ होई इलेक्टोरल बांड की पोल खुलने से होने वाली फजीहत से भी बचना चाहती है। विपक्ष अब इलेक्टोरल बांड के मुद्दे को उछाले या नागरिकता संशोधन विधेयक के इस नए मुद्दे को उछाले।

इस नए तूफान के बाद अब देश की राजनीति में नया रंग आने वाला है। विपक्ष पहले से ही सत्तारूढ़ दल की चालबाजियों का मुकाबला नहीं कर पा रहा है, और अब ये नागरिकता संशोधन कानून लागू कर भाजपा ने समूचे विपक्ष को निहत्था कर दिया है। इस कानून के लागू करने में भाजपा को फिलहाल कोई दिक्कत होने वाली नहीं है क्योंकि अभी सब चुनावी जंग में कूद रहे हैं। इस कानून पर अमल तो चुनावों के बाद से होगा, हाँ चुनावों में भाजपा इस कानून के जरिये रूठे हुए अल्पसंख्यकों के बीच अपनी खोई हुई साख बचने का प्रयास जरूर करेगी। इस संशोधन कानून का फायद भाजपा को सीमावर्ती क्षेत्रों में मिल सकता है। भाजपा को इस बात के लिए बधाई या शाबासी दी जा सकती है की वो अपने खिलाफ उठने वाली हर आंधी के मुकाबले एक नया इंतजाम करके रखती है। आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और दुसरे तमाम मुद्दों को भूलने की बीमारी का शिकार बन चुकी है। अवाम को धर्म की सुरा पहले से ही पिलाई जा चुकी है। इस नशे को उतरने नहीं दिया जा रहा है। अब देखना है की इस कानून को लागू कर सत्तारूढ़ दल देश के अम्नो-अमान को महफूज रख पाती है या बिगाड़ती है ? ये घोषणा माहे रमजान के समय की गयी है और इसके भी अलग निहितार्थ हैं। आगे-आगे देखिये होता है क्या ? आपको याद होगा की देश के अनेक राहों ने इस कानून का विरोध किया है और किसी भी सूरत में इस कानून को लागू न किये जाने की बात कही है। असम, केरल और बंगाल इस मुद्दे पर पहले से खिलाफ हैं।

## सीएए नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून है




संसद में 11 दिसंबर, 2019 को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम अर्थात सीएए पारित होने के लगभग चार वर्ष के इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व देश भर में लागू करके न केवल अपने राजनीतिक आलोचकों को अचंभित किया है, बल्कि देश अपने लोगों की न्यायपूर्ण नागरिकता सुनिश्चित करने की जरूरी दिशा में बढ़ चला है। यह कानून भारत की नागरिकता को संतुलित, औचित्यपूर्ण एवं समतामूलक बनाने की दिशा में साहसिक कदम है। इस नए कानून का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से आने वाले मुस्लिमों को अब भारत में सहजता से नागरिकता नहीं मिलेगी, जबकि इन देशों से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों को सहजता से नागरिकता हासिल हो जाएगी। कानून के तहत पात्र लोग नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों से विपक्षी दलों के अनेक नेता सीएए को लागू करने का विरोध करते हुए एक वर्ग–विशेष के लोगों को अपने पक्ष में करने की कुचेष्ठा कर रहे हैं। जबकि भाजपा सरकार एवं उससे जुड़े शीर्ष नेतृत्व इसे लागू होने के संकेत दे रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि आम चुनाव से पहले ही सीएए को लागू कर दिया जाएगा और जो कहा, उसे कर दिखाया है। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले सीएए को लागू कर सरकार ने अपना एक वादा पूरा कर दिया है। अब इसे लागू करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से एक सार्थक पहल का सूत्रपात किया है। सीएए पारित हो गया था और इस कानून को अधिसूचित भी कर दिया गया था, पर इसके लिए लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले देश में नागरिकता नियम तय नहीं हुए थे। कानून बन जाने के बाद नियम तय करना जरूरी होता है और नियम तय करने के लिए सरकार लगातार समय ले रही थी। इस वजह से सरकार की आलोचना भी हो रही थी। बहरहाल, नियम न तय होने से आगे नई लोकसभा में तकनीकी परेशानियां आ सकती थीं, अत: केंद्र सरकार ने चुनाव से ठीक पहले इस कार्य को अंजाम देकर एक तरह से अपना ही अधूरा काम पूरा किया है, एक साहसिक एवं समयोचित कदम उठाया है। यह पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बंगलादेश से आये हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों के लिये एक नये सूरज का उदय है। आगामी चुनाव एक तरह से सीएए पर जनमत संग्रह जैसा होगा। यहां यह याद करने की बात है कि सीएए लागू करने का वादा पिछले लोकसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा था और इससे भाजपा को चुनाव में बहुत फायदा भी हुआ था। सीएए के सन्दर्भ में राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, नागरिकता का तार्किक व मानवीय दृष्टिकोण इस देश की ह्ववसुधैव कुटुंबकम्ह्व की संस्कृति का अंग है।

सीएए के कारण भले ही तथाकथित अराष्ट्रवादी ताकतें एवं विपक्षी दल हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना सकते हैं, लेकिन यह कानून एक आदर्श नागरिकता कानून है, लम्बे समय से इस कानून की जरूरत को महसूस करते हुए अनेक नागरिक घुटन एवं असंतुलित नागरिकता कानून के दंश को भोग रहे थे। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है तो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से नागरिकों को बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सीएए। इसको लेकर भी गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। सीएए को लेकर मुस्लिम समाज को भ्रमित करने की साजिश हुई है और चुनावी माहौल में यह और तीव्रता से होने की संभावना है। राजनीतिक लोग सीएए को मुस्लिम विरोधी बताने में लगे हुए हैं। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि जिस कानून का किसी भारतीय नागरिक से कोई लेना–देना नहीं, उसे लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों को सड़कों पर उतार दिया गया या फिर से उतारने के स्वर गूंजने लगे हैं। एक सुनियोजित साजिश के तहत लोगों को गुमराह किया गया है, यह साजिश जिस किसी ने भी रची हो, लोगों और खासकर मुस्लिम समाज को भड़काने का काम अनेक विपक्षी दलों ने किया। इनमें कांग्रेस सरीखे वे दल भी थे, जो एक समय इस कानून में वैसे ही संशोधन करने की मांग कर रहे थे, जैसे किए गए। राजनीतिक दलों के साथ–साथ तथाकथित सेक्युलर तत्वों और वामपंथी बुद्धिजीवियों ने भी यह भ्रम फैलाया कि सीएए कुछ लोगों की नागरिकता छीनने का काम कर सकता है, जबकि यह कानून तो नागरिकता देने के लिए है।

सीएए का विरोध करने वाले राजनेताओं एवं उनके उकसाये लोगों को देश से जैसे कोई मतलब नहीं, इन्हें सिर्फ अपना जनाधार चाहिए। वोट चाहिए। वोटों की संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीति के चलते राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को तार–तार किया जा रहा है? इन कानूनों में किसी के अहित की बात नहीं है, बल्कि जिनका अहित हुआ है, उनका हित निहित है, फिर क्यों बवाल है? पहले किसी भी गलत बात के लिए ह्वविदेशी हाथह्व का बहाना बना दिया जाता था। अब कौन–सा हाथ है? कौन चक्र चलाता है? कौन विरोधी स्वर घोलता है? आश्चर्य की बात यह कि जब पिछले दिनों सीएए–एनआरसी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो एक सुर में कहा गया कि यह कांग्रेस ही है जो लोगों को भड़का रही है। यानी यह तो तय है कि कांग्रेस की उपस्थिति देश भर में है और उसका असर जनता के एक बड़े तबके पर है। इस बात को स्वीकारते हुए कांग्रेस की ताकत को इग्नोर करना राजनीति अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत कर रही है, धीरे–धीरे वह अपनी खोई प्रतिष्ठा एवं जनाधार को हासिल करने में लगी है। इन स्थितियों को पाने के लिये वह सभी हदें पार कर रही है, मूल्यों एवं नीतियों को भी नजरअंदाज करने में भी उसे कोई संकोच एवं परहेज नहीं है।

भारत का विभाजन मुस्लिमों की अलग राष्ट्र की मांग की वजह से हुआ था, अत: जिन मुस्लिमों ने भारत छोड़कर अलग देश में रहना चुना, उन्होंने भारत की नागरिकता मांगने का हक खो दिया। दूसरी ओर, सीएए का विरोध करने वालों का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुस्लिमों के साथ भारतीय नागरिकता देने में भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक तर्क यह भी है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में नागरिकता का फैसला किसी की आस्था के आधार पर नहीं होना चाहिए। बहरहाल, अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। इतनी देरी से इस कानून को लागू करने का एक कारण उसका बड़े पैमाने पर विरोध किया जाना दिखता है, देश में अराजकता, हिंसा एवं अशांति की संभावना को देखते हुए ही सरकार ने इसे उचित समय पर लागू करने का सोचा। यह उग्र एवं गैरवाजिब विरोध इस शरारत भरे दुष्प्रचार की देन था कि यदि यह कानून लागू हुआ तो देश के मुसलमानों की नागरिकता खतरे में पड़ जाएगी। इस दुष्प्रचार में कथित सिविल सोसायटी के लोग ही नहीं, कई राजनीतिक दल भी शामिल थे। वे जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को भड़काकर उसे सड़कों पर उत्तार रहे थे, जबकि इस कानून का किसी भी भारतीय नागरिक से कोई लेना–देना नहीं। वास्तव में यह नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून है।

**प्रेषक:**
**(ललित गर्ग)**
**ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई० पी० एक्सटेंशन, पटपड़गंज,**
**दिल्ली–92**

## लोकसभा चुनाव में धन खर्च का बन सकता है रिकार्ड

– नन्तू बनर्जी

प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और राजस्व खुफिया निदेशालय सहित लगभग 20 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की संयुक्त सेवाओं का उपयोग करके चुनाव में अवैध धन के प्रभाव को रोकने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की नवीनतम पहल सबसे अधिक स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि निगरानी और जांच एजंसियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हवाई अड्डों, हेलीपैडों और चार्टर्ड उड़ानों पर माल की आवाजाही पर नजर रखें। कानून–व्यवस्था की स्थिति कड़ी की जायेगी, हालांकि यह पूरी तरह से राज्यों की जिम्मेदारी है।

भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) भले ही संदिग्ध चुनाव प्रचार प्रथाओं, जो पिछले कुछ वर्षों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया को तेजी से भ्रष्ट कर रहा है, को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हो, सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टी के व्यवहार को प्रभावित करना या निर्देशित करना उसके लिए आसान नहीं है।

पार्टियों और उनके उम्मीदवारों द्वारा प्रति लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की आधिकारिक खर्च सीमा 75 लाख से 90 लाख रुपये के बीच है। संघीय सरकार चुनाव कराने के लिए अनुमानित सकल व्यय का लगभग 10प्रतिशत वहन करती है। आधिकारिक तौर पर, इसने 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए 38.70 अरब रुपये खर्च किये। शेष राशि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने खर्च की। हालांकि, कानूनी रूप से लेखा व्यय उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों द्वारा खर्च की गई वास्तविक राशि का केवल एक अंश दशार्ता है। अनौपचारिक रूप से या वास्तविक स्थितियों में, उम्मीदवार द्वारा खर्च किया गया धन आधिकारिक खर्च सीमा से 10 से 15 गुना या उससे भी अधिक हो सकता है। चुनाव आयोग इस बारे में कुछ नहीं कर सका।

चुनाव अभियान का खर्च उम्मीदवारों और नकद धन उत्पन्न करने की उनकी क्षमता के अनुसार अलग–अलग होता है। सत्ताधारी दल के उम्मीदवार आम तौर पर सरकारी ठेकों या खर्चों से अवैध रूप से एकत्र किये गये गंदे धन, सभी प्रकार के अवैध व्यवसायों, रिश्वत, नौकरियों के लिए नकद और हवाला लेनदेन आदि से सुसज्जित होते हैं। काले धन के पहाड़ों पर बैठकर, वे सरकारी सत्ता बरकरार रखने और अगले चुनाव होने तक अधिक पैसा कमाने के लिए चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा खर्च करते हैं। उनका मकसद किसी भी संभव तरीके से चुनाव जीतना है। वास्तविक मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के लिए गलत मतदान और बाहुबलियों का इस्तेमाल असामान्य नहीं है, हालांकि असाधारण मामलों में समस्याग्रस्त बूथों पर दोबारा चुनाव होते हैं। दुर्भाग्य से, चुनाव और नयी सरकार के गठन के बाद सीमित प्रशासनिक अधिकार और शक्ति के साथ, ईसीआई शायद ही कभी सत्तारूढ़ दल के विजयी उम्मीदवार को अयोग्य ठहरा सकता है।

फिर भी, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और राजस्व खुफिया निदेशालय सहित लगभग 20 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की संयुक्त सेवाओं का उपयोग करके चुनाव में अवैध धन के प्रभाव को रोकने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की नवीनतम पहल सबसे अधिक स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि निगरानी और जांच एजंसियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हवाई अड्डों, हेलीपैडों और चार्टर्ड उड़ानों पर माल की आवाजाही पर नजर रखें। कानून–व्यवस्था की स्थिति कड़ी की जायेगी, हालांकि यह पूरी तरह से राज्यों की जिम्मेदारी है। हिंसा, आतंकी रणनीति और प्रभाव का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलों की तैनाती की योजना के बारे में राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी को सभी राजनीतिक दलों को सूचित करना होगा। ये स्वतंत्र, निष्पक्ष और राजनीतिक उकसावे से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सीईसी द्वारा निर्देशित कई अन्य कदमों में से कुछ हैं। ऐसा नहीं है कि पहले के चुनावों में ऐसे कदम नहीं उठाये गये, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम देने में विफल रहे। चुनाव अभियानों में नकदी बंडलों का उपयोग बड़े पैमाने पर और बढ़ रहा है। राज्यों में सत्तारूढ़ दल और उनके उम्मीदवार हमेशा पुलिस और प्रशासन के समर्थन और सहयोग से पूरी कमान संभाले हुए हैं। अपने चुनाव अभियान को मजबूत करने के लिए उम्मीदवारों के पास अवैध धन का प्रवाह जारी है। ऐसा माना जाता है कि 543 सीटों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों द्वारा रिकॉर्ड नकद व्यय देखा जायेगा, जो पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ देगा। दिल्ली स्थित सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक, इस बार कुल खर्च 1.2 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा हो सकता है, जो 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के समय खर्च किये गये 14.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक होगा।

चुनावी बांड प्रणाली को खत्म करने से आगामी चुनाव में प्रचार खर्च पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है, हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य स्तर पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को थोड़ा झटका लग सकता है। 2017–18 से 2022–23 के बीच 12,008 करोड़ के चुनावी बांडों की बिक्री हुई, जिसमें भाजपा को करीब 55 फीसदी या 6,564 करोड़ रुपये मिले। कांग्रेस को केवल 1,135 करोड़ रुपये मिले। दिलचस्प बात यह है कि राज्य स्तरीय पार्टी टीएमसी को इसी अवधि के दौरान 1,096 करोड़ रुपये मिले, जो किसी क्षेत्रीय पार्टी द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी रकम है।

# रामनगर बीडीओ को डीएम ने दी कारण बताओ नोटिस

## सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सीएम डैशबोर्ड से विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में सोलर स्ट्रीट लाइट, दशमोत्तर छात्रवृत्ति, पूर्व दशम छात्रवृत्ति, एकीकृत बागवानी विकास मिशन पर ड्राफ्ट मोर क्राफ्ट, दैनिक विद्युत आपूर्ति, विद्युत बिल सुधार, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, बीज डीबीटी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, एंबुलेंस संचालन, डायलिसिस, मोबाइल यूनिट, सीटी स्कैन, सहकारी दुग्ध समितियां, पेंशन योजना, जल जीवन मिशन, राज्य वित्त/15 वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, अंत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, राज्य योजना, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन योजना, निराश्रित गौवंश संरक्षण, पशुओं के टीकाकरण, शादी अनुदान योजना, पीएम-सीएम मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य उत्पादन, कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, सेतु निर्माण, नई सड़क निर्माण, कन्या विवाह सहायता, निर्माण कार्यों आदि की समीक्षा की।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने सीडीओ से कहा कि अटल भूजल योजना के कार्यों में धनराशि न होने पर शासन से मांग की जाये। एक्सईएन विद्युत से कहा कि विद्युत बिल बाबत समस्यायें होती हैं, सुधार कर विद्युत कनेक्शन धारकों के यहां मीटर लगवायें। समय से रीडिंग कराकर समय से विद्युत बिल भेजें। उपनिदेशक कृषि से कहा कि पीएम कुसुम योजना में अधिक आवेदन कराकर किसानों को लाभ दें। डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्यों में प्रगति करायें। डीडीओ से कहा कि पीएम-सीएम के अधूरे आवास में तेजी से कार्य करायें। रामनगर ब्लाक के आवासों की प्रगति खराब होने पर बीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

सीएमओ से कहा कि डायलिसिस सेंटर की साफ-सफाई प्रतिदिन होनी चाहिए। संबंधित अधिकारियों से कहा कि पेंशन बाबत लम्बित आवेदनों को शासन को भेजकर लाभार्थियों को लाभ दिलायें। डीपीआरओ से कहा कि 15वां वित्त व राज्यवित्त के जो कार्य गांव में हुए हैं, सत्यापन कराकर भुगतान करें। बीएसए को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की हाजिरी कम रहती है, उनमें शिक्षकों की हाजिरी सुनिश्चित करें। सीबीओ से कहा कि जिन गांवों में गौवंश भरण-पोषण की पत्रावलियां लम्बित हैं, तत्काल भुगतान करें। एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ से कहा कि पटेल तिराहा से देवांगना मार्ग चैड़ीकरण के कार्य तेजी से करायें।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम ओम प्रकाश, सीबीओ डॉ सुभाष चांद्र, डीपीआरओ इंद्र नारायण, बीएसए लव प्रकाश यादव, डीडीए कृषि राजकुमार, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एपीएस निदेशक को करें गिरफ्तारः अभाविप

## सामाजिक ताना-बाना हो रहा छिन्न-भिन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय की अगुवाई में अभाविप ने अशोक पब्लिक स्कूल के निदेशक पर घर में घुसकर छेडखानी के दर्ज मामले में प्रदर्शन कर गिरफ्तारी की मांग की है। अभाविप ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि अभाविप हमेशा समाजहित-राष्ट्रहित व छात्रहित में प्राथमिकता से कार्य करता है।


एसपी को ज्ञापन देते अभाविप कार्यकर्ता।

बुधवार को अभाविप के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अशोक पब्लिक स्कूल के निदेशक पर घर में घुसकर छेडखानी व जान से मारने की धमकी का मामला एक महिला शिक्षिका ने कोतवाली कर्वी में दर्ज कराया है। इस मामले में सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है। ऐसे ज्वलंत मुद्दे पर आरोपी की गिरफ्तारी जरूरी है। अभाविप के जिला सहसंयोजक तेजप्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि अशोक पब्लिक स्कूल में पढने वाली छात्राओं के बयान दर्ज कराये जायें। शोषण के अन्य मामले सामने आने पर दोषी के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये। कहा कि इस शैक्षिक संस्थान में पहले भी विवादित गतिविधियां सामने आई हैं। इस संस्थान की जांच कराकर संस्थान को बन्द कराया जाये। संस्थान के शिक्षकों के वेतन भुगतान में गडबडी के मामले उजागर किये गये हैं। श्रम विभाग से भी शिक्षकों के वेतन भुगतान की जांच कराई जाये। ज्ञापन देने में जिला संयोजक के साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यम पाण्डेय, आयुष गुप्ता, हिमांशु पाण्डेय, कर्वी तहसील संयोजक नितेश त्रिपाठी शामिल रहे।

## ....पै तमाशा न हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** थी खबर गर्म कि गालिब के उडेंगे पुर्जे, तमाशा देखने हम भी गये, पै तमाशा न हुआ- कुछ इसी तरह से एक और फोटो सोशल मीडिया में इन दिनों वायरल हो रही है। एक स्कूल के जिम्मेदार ने साइबर सेल में दावा किया है कि अश्लील फोटो उसकी नहीं है, जबकि ये फोटो उसी की है। फोटो में नाबालिग बालिका उससे लिपटी हुई है। दोनों हंस रहे हैं। इस मामले की साइबर सेल गम्भीरता से जांच कर उचित कानूनी कार्यवाही करे, ताकि सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होने से बच सके।


विवाद सुलझाती पुलिस टीम।

# महिला थाना पुलिस ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के जारी प्रयास में महिला थाना पुलिस टीम ने आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराई।

बुधवार को कोतवाली कर्वी के बघौडा गांव की श्रीमती सरला पत्नी रामकल्याण ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में पति पर गाली-गलौज करने का पत्र सौंपा। एसपी ने महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज को निस्तारण के निर्देश दिये। टीम ने विस्तार से शिकायत सुन-समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों के पालन की बात कही। आपसी सुलह होने पर थानाध्यक्ष ने दम्पति को तालमेल से रहने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज, दरोगा संतोष कुमार तिवारी, महिला सिपाही स्नेहा राजपूत शामिल रहे।

# वंचित वर्गों को पीएम सूरज पोर्टल लांच, लाभार्थियों को दिया लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वंचित वर्गों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लांच हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, एएसडीएम मो जसीम अहमद, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी सुनहरी लाल, नोडल प्रभारी भारत सरकार दलबीर सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन शिवा जाटव समेत लाभार्थियों की मौजूदगी में वर्चुअल प्रसारण देखा।


लाभार्थियों को लाभ देते जिला पंचायत अध्यक्ष।

बुधवार को सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग से संचालित पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल पर सामाजिक उत्थान जनकल्याण में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम व राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम से रियायती ऋण बांटे गये। अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, वरिष्ठ नागरिक, विमुक्त घुमंतू व अर्ध घुमंतू जनजातियों, भिक्षावित्त में लिप्त लोग, ट्रांसजेंडर, सफाई कर्मी को लोन से लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने नमस्ते योजना से अमन, राजकुमार, रंजीत, सिमोन को आयुष्मान कार्ड, जानकीशरण, राजकुमार, संजय कुमार को पीपी किट, गौरी देवी, अंकिता देवी, अंजली देवी, शांति कुशवाहा, वंदना पटेल को पीएम दक्ष योजना प्रमाण पत्र दिया। एनएसएफडीसी योजना से पहली किस्त एक लाख रुपये रंजीत कुमार को दी है।

# सीपीएम करती रहेगी सीएए का विरोधः का रुद्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीपीआई (एम) जिला कमेटी के जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने नागरिकता संशोधन अधिनियम /सीएए के तहत नियमों की अधिसूचना पर आपत्ति जताई है। नागरिकता को धार्मिक पहचान से जोड़कर संविधान में निहित नागरिकता के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत का उल्लंघन है।

बुधवार को सीपीएम जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि अधिनियम के तहत अधिसूचित नियम पड़ोसी देशों से आने वाले मुसलमानों के प्रति भेदभाव पूर्ण दृष्टिकोण पैदा करते हैं। अधिनियम के क्रियान्वयन राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के निर्माण से जुड़ा है। ये आशंका पैदा है कि मुस्लिम समुदाय के नागरिकों को निशाना बनाया जाएगा। राज्य सरकारों को राज्य में नागरिकता की पहचान व नामांकन की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाये। राज्य सरकारों को बाहर करने का सीएए का विरोध किया है। सीएए अपनाने के चार साल बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से कुछ दिन पहले नियमों को अधिसूचित करने से जाहिर है भाजपा सीएए के कियान्वयन का उपयोग विभाजनकारी व ध्रुवीकरण को करना चाहती है। खतरनाक कानून को सीपीएम रद्द कराने के प्रयास जारी रखेगा।


जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड।

## एसपी के निर्देश पर आठ पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आठ लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने प्रेमनारायण पुत्र तेजबली कहार इटवां, अरुण कुमार उर्फ चिफुर पुत्र हरीशचन्द्र खप्टिहा, पद्दू पुत्र बंगाली बम्बुरी, रमेश जमादार पुत्र कबुले उर्फ मातादीन लबेर, सूरजभान उर्फ मुन्ना पुत्र दशरथ हसीपुरवा मजरा खंडेहा, अख्तर शाह पुत्र लल्लन शाह जफरपुर, अत्रिमुनि उर्फ अन्तु पुत्र रामसूरत भिटारी व धीरेन्द्र पुत्र बद्री प्रसाद लबेद खंडेहा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

## सांसद ने कोटेदारों को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल की मौजूदगी में मंदाकिनी गेस्ट हाउस कालूपुर पाही में लाभार्थियों को बैग वितरण व कोटेदारों की गोष्ठी हुई। सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व डीएसओ आनन्द कुमार सिंह तथा सभी पूर्ति निरीक्षक मौजूद रहे। बुधवार को जनप्रतिनिधियों ने केंद्र व राज्य सरकार से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। लाभार्थियों को शासन से मिले बैग बांटे। सांसद ने सभी कोटेदारों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित कर लाभांश बढ़वाने का भरोसा दिया।


बैग बांटते सांसद आदि।

# अपहरण-दुष्कर्म आरोपी को हुई दस वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय व पैरोकार प्रदीप कुमार ने न्यायालय से नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म आरोपी को दस वर्ष की सजा व दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया। बुधवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम के विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो तेजप्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायधीश पॉक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने रैपुरा थाने में दर्ज अपहरण-दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट आरोपी कुलदीप पुत्र हरीपाल निवासी रामनगर को दस वर्ष की सजा व दस हजार रूपये जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि आठ जून 2018 को वादिया ने थाना रैपुरा में रिपोर्ट लिखाई कि कुलदीप उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर कुलदीप को गिरफ्तार किया। विवेचना पूर्व दरोगा राजकुमार ने कर 19 अगस्त 2018 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

## 21 क्वार्टर शराब समेत एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन ने सिपाही संदीप लोधी के साथ पुष्पराज सिंह उर्फ लल्लू पुत्र राजाराम सिंह निवासी पहरा थाना भरतकूप के कब्जे से 21 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## कैलहा गांव में भ्रष्टाचार में डुबकी लगा रहे प्रधान-सचिव

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के कैलहा गांव में प्रधान-सचिव ने राज्यवित्त-15वें वित्त के कार्यों में जमकर धांधली की है। पिछले वर्ष हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों का घोटाला किया है। बुधवार को कैलहा गांव में प्रधान-सचिव के घोटाले का खुलासा हुआ। बताया गया कि मानिकपुर ब्लाक के कैलहा गांव जिला मुख्यालय से नजदीक होने से विकास को शासन से पर्याप्त धनराशि भेजी जाती है। प्रधान- सचिव शासकीय धनराशि को ठिकाने लगा रहे हैं। गौशाला में गौवंशों का ध्यान नहीं दे रहे। गौवंशों की दशा बेहद दयनीय है। भूसा खरीद में गोलमाल किया है। गांव में वित्तीय वर्ष में 15वें वित्त व राज्यवित्त से कराये कार्यों की विधिवत जांच कराई जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। बड़े पैमाने पर गांव में विभिन्न कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है।

# मुठभेड में छह लुटेरे दबोचे, दो लुटेरे-सिपाही भी घायल

## लूटा ट्रक, नकदी, शस्त्र, कार बरामद, लूट की दो घटनाओं का खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ट्रक लुटेरों से पुलिस की हुई मुठभेड में दो लुटेरे घायल हो गये। सिपाही प्रकाश मिश्रा को भी गोली लगी है। मुठभेड दौरान छह लुटेरे पुलिस ने दबोचे हैं। लुटेरों के कब्जे से अवैध शस्त्र, लूटा ट्रक, लूट की नकदी व घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई है।


गिरफ्तार बदमाशों की जानकारी देते एसपी।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में राजापुर थानाध्यक्ष मनोज चैधरी व एसओजी की संयुक्त टीम ने राजापुर थाना क्षेत्र में ट्रक लूट की घटना का खुलासा कर लुटेरे मो शाहिद पुत्र मो शकील उर्फ बबलू काशीराम कालोनी जीआईसी स्कूल के पास प्रतापगढ व महताब अहमद पुत्र रईश अहमद निवासी गोपालपुर प्रतापगढ मुठभेड में घायल हो गये हैं। सौरभ त्रिपाठी उर्फ राहुल त्रिपाठी पुत्र विनोदचन्द्र त्रिपाठी निवासी बुधियामाई मन्दिर दहिला मऊ प्रतापगढ, शोएब पुत्र जमील निवासी ताला बाजार थाना कंधई जिला प्रतापगढ, कलीम पुत्र हलीम निवासी नयामाल गोदाम पूर्वी सहोदरपुर प्रतापगढ व धनंजय सिंह यादव पुत्र योगेन्द्र सिंह यादव निवासी जगतीपुर थाना अंतू प्रतापगढ दबोचे गये हैं। इनका विभिन्न थानों में आपराधिक इतिहास है। इनके कब्जे से लूटा 14 चका ट्रक, घटना में प्रयुक्त कार, तीन तमंचा, कारतूस, चाकू, जीपीएस, ट्रक के कागजात, छह मोबाइल फोन, 13700 रुपये, पर्स, आईडी आधारकार्ड, पेनकार्ड, एटीएम, वोटर आईडी विपिन कुमार यादव की बरामद हुई। ये मुठभेड फायर स्टेशन राजापुर जाने वाली सडक मोड पर रात साढे 12 से तीन बजे के बीच हुई।

ज्ञात है कि मुट्ठीगंज प्रयागराज के सौरभ केशरवानी पुत्र राकेश केशरवानी ने राजापुर थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सभी बदमाशों को दबोचा है। पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक ने बीस हजार रुपये का नकद इनाम दिया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज चौधरी, दीवान जितेन्द्र कुमार कुशवाहा, दरोगा कृष्णदेव मिश्रा, दीवान नितेश समाधिया, दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, सिपाही रोहित सिंह, दरोगा इमरान खान, सिपाही रोशन सिंह, लवकुश यादव, ज्ञानेश मिश्रा, अजय वर्मा, राघवेन्द्र सिंह, अजय मिश्रा, प्रकाश मिश्रा शामिल रहे।

# पूर्व प्रधान की हत्या में पिता-पुत्र समेत पांच को आजीवन कारावास

## सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सुनाया फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जमीनी विवाद की रंजिश में पूर्व प्रधान की हत्या मामले में सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने पिता-पुत्र समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को 15-15 हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि 11 नवम्बर 2017 को मानिकपुर थाने के गढ़चपा गांव के राजधर विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिता बब्बू विश्वकर्मा शाम साढे छह बजे भैंस लेकर घर से डेरा जा रहे थे। रास्ते में एयरटेल टावर के पास अशोक की पंचर दुकान में पहले से घात लगाये बैठे छेरिहाई गढ़चपा के अशोक शुक्ला उर्फ नोहर, बेटा संदीप, गढ़चपा के कल्लू विश्वकर्मा, बेटा शुभम उर्फ भगवानदास व तीरथ प्रसाद गौतम ने लाठी, झूमर, हथौडा, सब्बल से हमला बोल दिया। जानलेवा हमले से पिता मौके पर ही गिर गये। चीख-पुकार सुनकर खेत में काम कर रहे चाचा व वह खुद मौके पर पहुंचे। पिता को बुरी तरह घायल कर हमलावर पहाड़ों की ओर भाग निकले। डायल 100 को सूचना दी। घायल पिता को लेकर जिला अस्पताल सोनेपुर पहुंचे। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजधर के अनुसार पिता पूर्व प्रधान बब्बू विश्वकर्मा का जमीनी मामला न्यायालय में हमलावरों से चल रहा था। वह पैरवी करने जाते थे। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनकर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दोष सिद्ध होने पर अशोक शुक्ला उर्फ नोहर, संदीप, कल्लू विश्वकर्मा, शुभम उर्फ भगवानदास व तीरथ प्रसाद गौतम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक को 15-15 हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

# 85 हजार कापियों का सीआईसी में होगा मूल्यांकन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 से 31 मार्च तक चित्रकूट इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र में होगा। हाईस्कूल- इंटरमीडिएट उत्तर पुस्तिकायें जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की देखरेख में मूल्यांकन केंद्र उप नियंत्रक/प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने स्ट्रांग रुम में रखवाई।

बुधवार को मूल्यांकन कार्य प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी ने बताया कि मूल्यांकन तैयारियां हो गई हैं। इस बार हाईस्कूल की 35 हजार व इंटरमीडिएट की पचास हजार उत्तर पुस्तिकायें मिश्रित मूल्यांकन केंद्र में आई हैं। 85 हजार कापियों का मूल्यांकन होगा। बोर्ड से 670 परीक्षक विषय वार कापियों का मूल्यांकन करेंगे।

## 16 से 31 मार्च तक होगा मूल्यांकन

हाईस्कूल में 40 टोली, इंटर में 25 टोली बनाई है। हर टोली में एक-एक डीएचई होगा, जो झांसी गई परीक्षाओं से जांची कापियां देखेंगे। उप नियंत्रक ने बताया कि उत्तर पुस्तिकायें मूल्यांकन निष्पक्ष ढंग से होगा। नकलविहीन परीक्षायें हुई हैं, उसी प्रकार मूल्यांकन ज्यादा महत्वपूर्ण है। शिक्षकों से पूरी सावधानी से कापियों का मूल्यांकन कराया जायेगा। किसी छात्र-छात्रा से भेदभाव नहीं होगा। बाहरी जिलों से उत्तर पुस्तिकायें आना शुरू हो गई हैं। कापियों के रख-रखाव को दो कोठार बनाये हैं। कापियों को दीमक से बचाने को कीटनाशक दवाओं के बीच रखा जा रहा है। हाईस्कूल कोठार में शिक्षक रामगोपाल दुबे प्रभारी हैं। मनोज पांडेय, अनमोल सिंह, अजीत सोनकर, विनय त्रिपाठी सहायक में हैं। इंटर में प्रवक्ता रामबचन सिंह प्रभारी हैं। सहयोग को गौरीश गर्ग, ललक सिंह हैं।

# नेपाल : सत्तारूढ़ दलों की आलोचना के बीच प्रधानमंत्री प्रचण्ड को मिला विश्वास मत



**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने मंगलवार को संसद में विश्वासमत हासिल कर लिया। कुल 268 सांसदों की मौजूदगी में प्रचण्ड के गठबंधन को 157 वोट मिले। सरकार बचाने के लिए 138 वोट चाहिए थे। विरोध में 110 वोट पड़े। एक सदस्य ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

विश्वास मत के दौरान हुई चर्चा में सरकार को समर्थन कर रहे और सत्ता में सहभागी रहे अधिकांश दलों ने प्रधानमंत्री के अस्थिर चरित्र और बार बार गठबन्धन बदलने की प्रवृत्ति की आलोचना की। किसी ने प्रचण्ड की तुलना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की तो किसी ने उन्हें सत्ता में टिके रहने के लिए किसी भी तरह का अप्रिय निर्णय लेने का आरोप लगाया। सरकार को समर्थन दे रहे और सरकार में सहभागी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी, एकीकृत समाजवादी तथा नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के तरफ से बोलने वाले सांसदों ने प्रधानमंत्री प्रचण्ड की आलोचना की।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के तरफ से पार्टी के उपाध्यक्ष स्वर्णिम वाग्ले ने कहा कि काम का अनुभव लेने के लिए और कुछ कर दिखाने के लिए ही हम सरकार में तो शामिल हुए हैं लेकिन जनता के कामों की डिलवरी नहीं हो पाई तो सरकार का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। वाग्ले ने कहा कि राजनीति और सत्ता एक शतरंज की बिसात की तरह है, जिस पर अपनी चाल चलना जरूरी है। आज इस शतरंज की खेल में अगर हमने प्रधानमंत्री प्रचण्ड का साथ दिया भी है तो कल चेक मेट करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

सत्ता पक्ष जनता समाजवादी पार्टी के सांसद राजकिशोर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचण्ड की अस्थिर राजनीति का खमियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता गठबन्धन का साथ छोड़ने पर प्रधानमंत्री बदलता है परन्तु यहां तो प्रधानमंत्री ही हर 6-6 महीने में गठबन्धन बदलकर अपनी सत्ता टिकाए रखना चाहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री प्रचण्ड की तुलना भारत के बिहार राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की और कहा कि जिस तरह से बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार को पलटूराम कहा जाता है, ठीक उसी तरह प्रधानमंत्री प्रचण्ड उनसे भी बड़े पलटूराम हो गए हैं।

इसी तरह एक अन्य सत्तारूढ़ दल एकीकृत समाजवादी के सांसद राजेन्द्र पाण्डे ने कहा कि विष का घूंट पीकर प्रधानमंत्री को समर्थन करना पड़ रहा है। जिस तरह से प्रचण्ड बार बार धोखेबाज साबित हो रहे हैं उसी तरह किसी दिन उन्हें भी धोखा मिलने वाला है। सरकार को समर्थन देना पार्टी की मजबूरी बताते हुए पाण्डे ने कहा कि कभी कांग्रेस को तो कभी एमाले को धोखा दे रहे हैं लेकिन किसी दिन अगर कांग्रेस और एमाले दोनों ही मिल गए तो प्रचण्ड की हालत क्या होगी? प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि देउवा और ओली दोनों मिल जाएं और दोनों ही मिल कर सरकार चलाएं। उन्होंने कहा कि मैं इस बात से डरता नहीं हूं। ऐसी स्थिति आने पर मैं विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हूं। अपने आप को धोखेबाज कहने पर प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि मैंने किसी को धोखा नहीं दिया है। मुझे जब जो ठीक लगा, मैंने वो कदम उठाया है।

## भारत 2029 तक दुनिया में चिप बनाने के शीर्ष पांच केंद्रों में से एक होगा : वैष्णव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि दिसंबर, 2026 में धोलेरा प्लांट से पहली चिप का उत्पादन होने लगेगा। माइक्रोन के साणंद प्लांट से दिसंबर, 2024 तक पहली चिप आएगी।

अश्विनी वैष्णव ने गुजरात के धोलेरा में स्थित टाटा समूह और सीजी पावर चिप संयंत्रों के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। धोलेरा संयंत्र से पहली चिप दिसंबर, 2026 में आएगी और माइक्रोन संयंत्र से चिप दिसंबर, 2024 तक आएगी। वैष्णव ने कहा कि भारत 2029 तक दुनिया में चिप बनाने के शीर्ष पांच केंद्रों में से एक होगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि इन संयंत्रों में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स का देश का पहला हाई-टेक चिप विनिर्माण संयंत्र शामिल है, जिसे कंपनी धोलेरा के विशेष औद्योगिक क्षेत्र में ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ साझेदारी में स्थापित कर रही है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए तीन चिप संयंत्रों की नींव रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक प्रमुख सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ये तीन सुविधाएं आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी और नवाचार को बढ़ावा देंगी। इनमें दो इकाइयां टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की और तीसरी सीजी पावर की है। इसमें कुल 1.26 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा।

सेमीकंडक्टर एक बुनियादी उद्योग है, जो जीवन के लगभग हर पहलू को छूता है। इसका फ्रिज से लेकर एसी और कारों, विमान से लेकर ट्रेनों तक सभी में इस्तेमाल होता है। टाटा का धोलेरा संयंत्र 28, 50, 55 नैनोमीटर नोड में चिप बनाएगा।

## पेटीएम से 15 मार्च के बाद टॉप-अप नहीं होगा फास्टैग, एनएचएआई ने सूची से किया बाहर

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर 15 मार्च के बाद टॉप-अप पर रोक लगाने के बाद नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने फास्टैग जारी करने वाले बैंकों की सूची को रिवाइज की है। एनएचएआई ने फास्टैग टॉप-अप करने वाली बैंकों की सूची से पेटीएम को बाहर कर दिया है।

एनएचएआई के फास्टैग जारी करने वाले बैंक और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनीज की ताजा सूची में पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड का नाम शामिल नहीं है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की रिवाइज लिस्ट में केवल 39 बैंकों के नाम शामिल हैं, जिनसे फास्टैग लिया जा सकता है। इसका मतलब है कि पीपीबीएल के ग्राहक अब पेटीएम से फास्टैग नहीं ले पाएंगे। इससे पहले एनएचएआई ने फरवरी में 32 बैंकों की सूची जारी की थी। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की रिवाइज लिस्ट में कुल 39 बैंक और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनीज (एनबीएफसी) शामिल हैं, जिन्हें फास्टैग जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है।

नई सूची में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, एक्सिस बैंक लिमिटेड, बंधन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यस बैंक शामिल हैं।

दरअसल, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 15 मार्च के बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक खाते या वॉलेट को नई जमा को स्वीकार करने या क्रेडिट लेन-देन की अनुमति देने से प्रतिबंधित कर दिया है। हालांकि, 15 मार्च के बाद पेटीएम में मौजूदा बैलेंस से पैसा निकालने पर कोई प्रतिबंध लागू नहीं है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक की मार्केट में करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है।

## यूक्रेन को 30 करोड़ डॉलर का नया हथियार पैकेज भेजेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका यूक्रेन को 30 करोड़ डॉलर (23.4 करोड़ पाउंड) के सैन्य हथियार भेजेगा, जिसमें गोला-बारूद, रॉकेट और विमान भेदी मिसाइलें शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टों में व्हाइट हाउस के हवाले से यह बात कही गई है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को अमेरिकी कांग्रेस में इस संबंध में एक विधेयक पेश कर उस पर चर्चा की गई।

अमेरिका लगभग तीन महीने बाद यूक्रेन की मदद के लिए कोई शिपमेंट भेजेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह सहायता "यूक्रेन की युद्धक्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है"। उन्होंने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, "यह गोला-बारूद यूक्रेन की बंदूकों को कुछ समय के लिए रुकने नहीं देगा, लेकिन काफी कम समय के लिए।"

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस कई महीनों से कांग्रेस से एक बजट पारित करने की अपील कर रहा है, जिसमें यूक्रेन के साथ-साथ इजरायल और ताइवान को भी सहायता दिये जाने की बात है। 60 अरब डॉलर का सहायता बिल पहले ही सीनेट में पारित हो चुका है, लेकिन अभी तक प्रतिनिधि सभा में इसे मतदान के लिए नहीं रखा गया है।


सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने अब तक सीनेट विधेयक पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगी जॉनसन ने कहा है कि सदन अपने स्वयं के सहायता विधेयक पर मतदान करेगा, लेकिन केवल कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन प्रणाली में सुधार करने वाला बजट पारित करने के बाद।

मंगलवार का हथियारों और उपकरणों का आपातकालीन पैकेज यूक्रेन के पहले के हथियार अनुबंधों में की गई लागत बचत से वित्त पोषित है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।


## पाकिस्तान में दो अलग-अलग आतंकी हमलों में तीन पुलिसकर्मी मारे गए, दो घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर और डेरा इस्माइल खान जिले में दो अलग-अलग आतंकी हमलों में तीन पुलिसकर्मी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अज्ञात हमलावरों ने सोमवार देर रात मिचनी गेट पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर पेशावर के दाग लारा इलाके में एक पुलिस वैन को निशाना बनाया। यह आतंकी हमला सोमवार रात करीब 11:30 बजे हुआ। इस हमले में अजमल खान और सिराज खान मारे गए और सहायक उप निरीक्षक मजहर घायल हो गए। मारे गए अधिकारियों के अंतिम संस्कार की नमाज आज मलिक साद शहीद पुलिस लाइंस में अदा की गई। आतंकवाद निरोधक विभाग ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि कुलाची तहसील, डेरा इस्माइल खान के सखी गेट इलाके में मंगलवार को पुलिस कांस्टेबल मोहम्मद बख्श एक अन्य आतंकी हमले में मारा गया। यादगार चौक पर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल मोहम्मद बख्श किराने का सामान खरीदने सखी गेट गया था। तभी तीन हथियारबंद मोटरसाइकिल सवारों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

## डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, फिर से राष्ट्रपति बना तो कैपिटल हिल दंगों के 'बंधकों' को करूंगा आजाद



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर वो एक बार फिर राष्ट्रपति बनते है तो वह पद संभालने के पहले दिन ही कैपिटल हिल दंगों के मामले में जेल में बंद लोगों को रिहा कर देंगे।

कैपिटल हिल दंगों के आरोपितों को बंधक करार देते हुए ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद दक्षिणी सीमा को बंद करना भी उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वह रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार है। ट्रंप ने सोमवार देररात इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा कि आपके अगले राष्ट्रपति के रूप में मेरा पहला कार्य सीमा को बंद करना और छह जनवरी को गलत तरीके से जेल में बंद किए गए बंधकों को मुक्त करना होगा।

अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के चुनाव हारने और बाइडन की जीत की वैधता का विरोध करने के लिए दंगाइयों द्वारा इमारत पर हमला करने पर यूएस कैपिटल के उल्लंघन से जुड़े अपराधों के लिए लगभग सभी 50 अमेरिकी राज्यों के लिए 1350 लोगों पर आरोप लगाए गए। इनमें से कम से कम 560 प्रतिवादियों को सजा मिली और कम से कम 335 लोगों को जेल की सजा सुनाई गई।

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पीएम गति शक्ति-कोयला क्षेत्र में राष्ट्रीय मास्टर प्लान किया जारी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को 'पीएम गति शक्ति-कोयला क्षेत्र में राष्ट्रीय मास्टर प्लान' जारी किया। इस अवसर पर जोशी ने कहा कि यह योजना बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि इसका उद्देश्य पीएमजीएस-एनएमपी पोर्टल के कोयला मंत्रालय पृष्ठ पर उपलब्ध भू-स्थानिक परतों के माध्यम से कोयला क्षेत्र में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। यह महत्वपूर्ण घटना बुनियादी ढांचे के विकास और एकीकृत योजना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। अपने संबोधन में जोशी ने पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के महत्व पर जोर दिया, जो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के हमारे दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है।

कोयला मंत्री ने कहा कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान एक व्यापक जीआईएस-आधारित मंच है, जो लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए समकालिक योजना की सुविधा प्रदान करने, ज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाकर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मंत्रालयों को एक साथ लाता है।

## भारत और डोमिनिकन गणराज्य ने नई व्यापार साझेदारी के लिए किया समझौता

वाणिज्य एवं
उद्योग मंत्रालय
MINISTRY OF
COMMERCE
AND INDUSTRY
सत्यमेव जयते

**नई दिल्ली।** भारत और डोमिनिकन गणराज्य ने सैंटो डोमिंगो में संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति (जेटसीओ) की स्थापना के लिए प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों के बीच इस समझौते पर मंगलवार को सैंटो डोमिंगो में डोमिनिकन गणराज्य के विदेश मंत्रालय में हस्ताक्षर किए गए। भारत-डोमिनिकन गणराज्य जेटको की पहली बैठक जल्द ही होने की उम्मीद है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि डोमिनिकन गणराज्य के विदेश मंत्री रॉबर्टो अल्वारेज और वाणिज्य विभाग की ओर से डोमिनिकन गणराज्य में भारत के राजदूत रामू अब्बागानी ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों के बीच हुए इस समझौता का लक्ष्य व्यापार, सेवाओं और औद्योगिक प्रौद्योगिकियों में सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ ही यह समझौता दोनों देशों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण कार्यक्रम और क्षमता निर्माण पर भी जोर देता है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 जनवरी, 2024 को जेटसीओ की स्थापना के लिए उक्त प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी थी। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 25 वर्षों में हस्ताक्षरित यह समझौता मौजूदा आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने और वाणिज्यिक संबंध आगे बढाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ कारोबार करके बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों ने शानदार प्रदर्शन किया। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,175.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 246.36 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,265.64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 1.90 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 39,007.39 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।